

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -16 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा मतदान... 02

■ तिहाड़ जेल के बाहर 'आप' कार्यकर्ताओं ने...
■ महावीर जयंती पर 2550वां निर्वाणोत्सव... 03

■ परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं...
■ मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से 58 लोगों... 07

विपक्षी दलों के झूठ को बेनकाब करने का जनता... 9

रांची में 'इंडिया' गठबंधन ने दिखाई एकजुटता

# गरीबों से वोट का हक छीनना चाहते हैं मोदी : खड़गे

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने उलगुलान न्याय रैली में कहा, मोदी जी संविधान बदलना चाहते हैं

■ नेताओं ने मोदी सरकार पर साधा निशाना
■ कल्पना सोरेन ने पढ़ा हेमंत सोरेन का संदेश

**रांची,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने एकजुटता दिखाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में यह रैली रांची के प्रभात तारा मैदान में हुई। दिल्ली के बाद रविवार को रांची में इंडिया गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा। जेएमएम की ओर से उलगुलान न्याय रैली में गठबंधन के कई बड़े नेता पहुंचे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी जी गरीबों से वोट छिनना चाहते है, संविधान बदलना चाहते है। उनके लोग कहते है, इस बार 400 पार। गनीमत है कि ये नहीं बोल रहे कि इस बार 600 पार। इस बार इंडिया गठबंधन की शक्ति इतनी है कि बीजेपी के लोग हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकेंगे।

मंच से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने हेमंत सोरेन का संदेश सुनाते हुए कहा कि गैर बीजेपी सरकार वाले राज्यों को परेशान किया जा रहा है।

वहीं, मंच से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे केजरीवाल जी को मारना चाहते हैं। उन्हें दवा की सही खुराक नहीं दी जा रही है। मैं पूछती है कि मेरे पति की क्या गलती थी और उन्हें जेल क्यों भेजा गया है? रैली को संबोधित करते हुए आप नेता संजय सिंह ने सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन को वीरांगना बताया। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल में इन्सुलिन नहीं दी जा रही है। जिन्होंने पूरी दिल्ली के लिए दवा की व्यवस्था की है। रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के नारे लगाए।




### मोदी ने केवल जुमलेबाजी की : तेजस्वी

रैली में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने केवल ये काम किए हैं- देश में गरीबी बढ़ाई, महंगाई बढ़ाई, जुमलेबाजी की। 2014 में उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी, वो नौकरी कहां गई? कालाधन वापस आएगा और सभी के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाएंगे। आप लोग के खाते में पैसा नहीं आया, लेकिन बीजेपी के खाते में चंदा चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों- करोड़ों रुपए आ गए हैं।

### वे दिल्ली के मुख्यमंत्री को मारना चाहते है : सुनीता

रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे शुगर के मरीज हैं। वे पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें जेल में इंसुलिन नहीं दी जा रही है।

**जब से इन्होंने हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा है वे चुनाव हार चुके हैं : अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**

**यह भारतीय जनता पार्टी नहीं है, बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है। देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है : भगवंत मान, मुख्यमंत्री, पंजाब**

**'भाजपा का 400 पार' का नारा फर्जी है। इस बार आपको उन्हें 'तड़ी पार, तड़ी पार' कहना चाहिए : संजय सिंह, आप नेता**

#### महारैली में शामिल हुए ये नेता

उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

चुनाव आयोग को उद्धव की चुनौती

# पहले मोदी-शाह पर कार्रवाई करे आयोग

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। दरअसल, चुनाव आयोग ने मशाल गाने में दो बदलाव करने को कहा था। आयोग के इस आदेश को उद्धव ने मानने से इनकार कर दिया। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साधा है। बीजेपी नेता कई बार धर्म के नाम पर वोट मांग चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव आयोग पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे।

उद्धव ने चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए कहा, हमें चुनाव आयोग की तरफ से एक चिट्ठी मिली। हमारे पार्टी का चिह्न अब 'मशाल' है। हमने आगामी चुनाव के लिए मशाल गाना भी लॉन्च किया है। जब इसे चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, तब उन्होंने दो शब्द 'हिन्दू हा तुझ धर्म' और 'जय भवानी, जय शिवाजी' हटाने के लिए कहा। मैं चुनाव आयोग को कहना चाहूंगा कि हम इसे नहीं हटाएंगे।'



■ उद्धव का 'मशाल' गाने में बदलाव से इनकार

### प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में जय बजरंग बली कहते हैं

उद्धव ठाकरे ने बताया कि वह सार्वजनिक बैठकों में जय भवानी और जय शिवाजी बोलना नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'अगर चुनाव आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करती है तो उन्हें यह बताना पड़ेगा कि जब प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में जय बजरंग बली कहते हैं तो वे (चुनाव आयोग) क्या करते हैं। यहां तक की अमित शाह ने भी लोगों से कहा कि रामलला के दर्शन के लिए भाजपा को वोट करें।'

## सार संक्षेप

### राहुल की तबीयत बिगड़ी, सतना दौरा रद्द किया



**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सतना का दौरा किया। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण आज सतना नहीं आ पा रहे हैं।

### आरक्षण खत्म कर देंगे प्रधानमंत्री मोदी : ओवैसी



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में कहा कि चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के आरक्षण छीन लेगी। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मेरी बात याद रखिएगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान में संशोधन करेंगे, आरक्षण छीन लिया जाएगा। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि भगवा पार्टी शहर का सांप्रदायिक सौहार्द और शांति बिगाड़ना चाहती है।

### यूजीसी नेट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 16 जून को परीक्षा



**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा-नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी- एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है।

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की दीमक फैलाकर देश को खोखला किया : मोदी

■ सोनिया पर भी साधा निशाना, जो जीत नहीं सकते, उन्होंने मैदान छोड़ा

**जालौर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 की वोटिंग की शुरुआत हो गई है। पहले चरण की समाप्ति के बाद अब राजस्थान में दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। इस चरण में 13 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार दोपहर जालोर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन में भीनमाल में 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री बांसवाड़ा पहुंचे और जनसभा को संबोधित कर भाजपा की योजनाओं के बारे में बताया।



#### कांग्रेस ने छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इतने हाल खराब है भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट ऐसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। पीएम ने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है।

उनको बराबर का सबक सिखाया है। राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए। हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को धमकाते थे और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।

# मणिपुर के 11 मतदान केन्द्रों पर आज दोबारा मतदान

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग मणिपुर में इनर मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत पांच विधानसभा क्षेत्रों के कुल 11 मतदान केन्द्रों पर सोमवार को दुबारा मतदान कराए जाने के निर्देश दिए है। जिन मतदान केन्द्रों पर दुबारा चुनाव कराए जा रहे है उसमे खुराई विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुईरांग कामंपु, साजेब अपर प्राइमरी स्कूल में स्थापित साजेब क, इबोबी प्राइमरी स्कूल खुराई थोंगगाम, लेईकाई मतदान केन्द्र छेत्रिगाव विधानसभा के बामोन, गामपू अपर प्राइमरी स्कूल के उत्तर क, ख दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व मतदान केन्द्र ,थोंगजू विधानसभा क्षेत्र में नेशनल चिल्ड्रन्स स्कूल का खोंगमान जोन पांच क मतदान केन्द्र उरीपोक विधानसभा क्षेत्र में इरोई सैम्बा अपर प्राइमरी स्कूल पूर्वी खंड का ईरोयी सैम्बा मतदान केन्द्र इसी स्कूल के पश्चिमी खंड का इरोयी सैम्बा नामांग लेइकाई मतदान केन्द्र और स्कूल के मध्य खंड का ईरोयी सैम्बा मयाई लेईकाई मतदान केन्द्र तथा कौनथअुजान विधानसभा क्षेत्र के खाईडेम प्राथमिक विद्यालय (दक्षिणी खंड) खाइडेम माखा मतदान केन्द्र शामिल है। यहां पर 22 अप्रैल को सुबह फिर से मतदान कराया जाएगा। यहां पर मतदान पहले चरण 19 अप्रैल शुक्रवार को कराया गया था।

उपरोक्त केन्द्रों पर मतदान के दौरान कुछ तत्वों द्वारा अराजकता और गड़बड़ी किए जाने की शिकायत की जांच के बाद वहां का मतदान कर खारिज कर दिए थे और वहां फिर से चुनाव कराने का आदेश दिया।



19 अप्रैल को मतदान में गड़बड़ी की मिली थी शिकायत

### राज्य में पिछले साल से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हुई

मणिपुर में पिछले साल 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर हिंसा चल रही है। आउटर मणिपुर सीट के हिंसा प्रभावित इलाकों के कुछ बूथ पर 26 अप्रैल को दूसरे फेज में भी मतदान होगा। राज्य में कुकी संगठनों ने कुछ दिन पहले लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया था। उन्होंने न्याय नहीं तो वोट भी नहीं का नारा लगाया था। राज्य में अब तक हुई हिंसा की घटनाओं में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं।

# देशभर में गर्मी व लू ने किया जीना मुहाल

आने वाले चार पांच दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा




मौसम विभाग ने बंगाल में रेड अलर्ट किया जारी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कोलकाता में तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू को लेकर मौसम विभाग ने बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि ओडिशा और बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले चार पांच दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा।

बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा, इस समय पूर्वी भारत में लू चल रही है। आने वाले चार-पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हीटवेव को देखते हुए पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहां का तापमान सामान्य से पांच-छह डिग्री अधिक है। पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि ओडिशा में आज और कल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बिहार में आने वाले पांच दिनों में लू का प्रकोप रह सकता है, जिसके लिए हमने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झारखंड में भी हीटवेव की संभावना है।

#### दिल्ली में हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसके बाद इसमें धीरे-धीरे एक-दो डिग्री की वृद्धि हो सकती है और इसके साथ ही कल हल्की बारिश की संभावना है। फिलहाल पूर्वी भारत की बात करें तो एक-दो स्टेशनों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है।

रालोजपा-पारस गुट को झटका

# सांसद महबूब अली कैसर राजद में शामिल

**पटना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में इस बार के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने से नाराज खगड़िया के निवर्तमान सांसद महबूब अली कैसर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा-पारस गुट) से नाता तोड़ आज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने रविवार को यहां पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री कैसर को राजद की सदस्यता दिलाई। लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्र स्व. रामविलास पासवान के खास माने जाने वाले श्री कैसर ने राजद की सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोजपा-रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जमुई के निवर्तमान सांसद चिराग पासवान पर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए कहा, गद्दारी मैंने नहीं बल्कि चिराग पासवान ने की है।



■ चिराग पर टिकट बेचने का आरोप लगाया

# रांची से कांग्रेस ने यशस्विनी सहाय को उतारा

**रांची,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने रांची लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इस सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय पार्टी की प्रत्याशी बनाई गई हैं। यशस्विनी सहाय का मुकाबला भाजपा के संजय सेठ से होगा। वहीं, कांग्रेस ने गोड्डा से अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अब यहां प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके पहले दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था। उनकी उम्मीदवारी रद्द करने के लिए पार्टी नेताओं ने प्रदर्शन किया था।



गोड्डा में भी प्रत्याशी बदला

चुनाव | मतदान का कम प्रतिशत राजनीतिक दलों के लिए बना अबूझ पहेली

# पहले चरण के कम मतदान ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ाई

**भोपाल,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। इस बार के चुनाव में पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम रहा। इससे प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। मतदान का कम प्रतिशत उनके लिए अबूझ पहेली बना हुआ है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान होना है।

पहले चरण में मतदान छह संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, शहडोल और सीधी में हुआ है। यहां मतदान का प्रतिशत जो सामने आया है वह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कम है। राज्य की सबसे चर्चित सीट छिंदवाड़ा में इस बार मतदान 79.83 प्रतिशत हुआ। अगर हम वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव पर गौर करें तो यहां 82.39 और वर्ष 2014 में 79.05 प्रतिशत हुआ था। वहीं सीधी संसदीय क्षेत्र में इस बार मतदान का प्रतिशत 56.50 रहा है, जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 69.50 प्रतिशत था। इसके अलावा वर्ष 2014 के यहां मतदान 56.86 प्रतिशत हुआ था। पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत 64.68 रहा, जबकि वर्ष 2019 में यहां 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि यहां वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 62.20 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में इस बार 61 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान का उपयोग किया, वहीं 2019 में यहां 69.43 प्रतिशत हुआ था। जबकि 2014 में 58.53 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।



■ मध्य प्रदेश में चार चरणों में मतदान, लोकसभा की हैं 29 सीटें

#### सभी दल अपनी जीत का दावा कर रहे

सभी दल के नेता अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक का कहना है कि भाजपा ने जो दल बदल कराया है उससे उनकी पार्टी के अंदर असंतोष है। कम मतदान प्रतिशत का सीधा नुकसान भाजपा को होने वाला है। मुकेश नायक के तर्क पर भाजपा नेता अजय सिंह यादव तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार से लेकर नेता तक चुनाव से पहले ही यह मान चुके हैं कि उनकी हार तय है।

# देश

**उवाच** "ऐसा लगता है कि मोदी को एहसास हो गया है कि वह हार रहे हैं और बार-बार 400 सीटें पार करने की बात कहकर आत्मविश्वास पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हर कोई जानता है कि वास्तविकता क्या है।"

-के.सी.वेणुगोपाल, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 38.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# यूएपीए के तहत जिन लोगों पर मामले दर्ज उन्हें रिहा करें केंद्र सरकार : पीडीपी

**श्रीनगर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के उम्मीदवार वहीद-उर-रहमान पारा ने

■ **जम्मू-कश्मीर का मुख्य मुद्दा इस समय हर जगह शांति**

रविवार को केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों से जुड़े लोगों के लिए सामान्य माफी की घोषणा करने की अपील की। पारा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि कश्मीर घाटी में चरणबद्ध तरीके से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफ्सपा) को हटाने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि एएफएसपीए से भी बड़ा यूएपीए है जिसके तहत घाटी के युवा जेलों में सजा काट रहे हैं। मुझ पर दो बार यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया और जेल में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन कश्मीरी युवाओं पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें बाहरी जेलों में डाल दिया गया उन्हें माफ कर दिया जाना चाहिए तथा सामान्य माफी एवं राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम के तहत मुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इसके लिए काम करेगी और पूरी कोशिश करेगी कि एक सामान्य जन माफी कार्यक्रम के तहत जेलों में बंद कश्मीरी युवाओं को पुनर्एकीकरण कार्यक्रम के माध्यम से रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को उन सभी कश्मीरी युवाओं की केस-दर-केस जांच करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए जो जेलों में हैं और यह देखना चाहिए कि जहां संभावना है उन्हें माफ कर रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का मुख्य मुद्दा इस समय हर जगह शांति है। लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और बोल नहीं रहे हैं। हमारी पार्टी की सबसे बड़ी पहल यह होगी कि लोगों को लगे कि उनकी बात सुनी जा रही है। पारा ने कहा कि केवल कश्मीर या उसकी गलियों या उप-गलियों में, बल्कि भारत की संसद के सर्वोच्च सदन में भी लोगों को महसूस होना चाहिए कि उनकी बात सुनी जा रही है और हम पूरी कोशिश करेंगे कि कश्मीर की धरती से आवाज संसद तक पहुंचे। वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि लोगों को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, युवा जेलों में बंद हैं और कोई उनके बारे में बात नहीं कर रहा है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि हम नेशनल कॉन्फ्रेंस और अन्य पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहते थे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोगों को हमारे समर्थन की आवश्यकता थी। दुर्भाग्य से, नेकां और उसके नेता नहीं चाहते थे, यहां तक कि उन्हें मुझसे बात करने तक की जरूरत महसूस नहीं हुई।



कश्मीर की धरती से संसद तक जनता की आवाज पहुंचाना पार्टी की प्रतिबद्धता : वहीद-उर-रहमान पारा

## चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा मतदान के दिन करें वोट : महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को यह कहते हुए कि बंदूक, पत्थर और चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा, लोगों से मतदान के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार मियां अल्ताफ, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के नेता जफर मन्हास के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में एक सार्वजनिक रैली के दौरान ने कहा कि अगर कुछ उभर कर सामने आएगा, तो वह केवल मतपत्र के माध्यम से होगा ताकि हम नई दिल्ली को बता सकें कि 2019 में उन्होंने जो किया, वह हमें स्वीकार्य नहीं है और इसे बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि लोग बाहर आएंगे और मतदान करेंगे, क्योंकि चुनाव बहिष्कार, पत्थरों और बंदूकों से कुछ हासिल नहीं होगा।



## हैदराबाद में भाजपा के घोषणापत्र का तेलुगु संस्करण जारी

**हैदराबाद,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तेलंगाना अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि पार्टी देश भर में पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अन्याय, अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी के राज्य मुख्यालय में तेलुगु में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र को जारी करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने मोदी गारंटी के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिसका लक्ष्य 2047 तक समृद्ध भारत का निर्माण करना है।

उन्होंने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में तीन दशक के बाद स्थिर प्रशासन, आतंकवादी हमलों में कमी और भ्रष्टाचार पर नकेल लगी है। रेड्डी ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विभिन्न पहलों का उल्लेख किया, जिनमें गरीबों के लिए प्रावधान, महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार, किसानों, मछुआरों और श्रमिकों के लिए सहायता शामिल है। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू करने और पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव रखते हुए सुशासन के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि पार्टी का घोषणापत्र आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे में वृद्धि, ऊर्जा स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक विकास के लिए भाजपा के एजेंडे को रेखांकित करता है।

# सीएए पर लोगों को गुमराह कर रही हैं ममता : राजनाथ



**बंगाल में पहली चुनावी रैली में ममता पर बोला हमला**

**मुर्शिदाबाद,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला करते हुए उन पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के बारे में झूठ फैलाने और लोगों, खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई भी उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकता, जिन्होंने धार्मिक आधार पर बंगलादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान छोड़ा है। उन्होंने बंगाल में अपनी पहली चुनावी रैली के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए संदेशखाली में महिलाओं पर हुए 'अत्याचार' का हवाला दिया और कहा कि बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में अराजकता है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि एक महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बंगाल जैसे राज्य में समाज की माताओं और बहनों के साथ इतनी अमानवीयता और क्रूरता कैसे हो सकती है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद संदेशखाली के अपराधी छूट नहीं पाएंगे। सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से तृणमूल कांग्रेस के शासन के कारण बंगाल अब 'अपराध और सांप्रदायिक तनाव' के केंद्र के रूप में कुख्यात है।

### ममता ने आम लोगों के प्रति अपनी करुणा खो दी है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी संदेशखाली जैसा अपराध दोहराने की हिम्मत नहीं करेगा। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया, वह किस तरह की 'ममता' हैं, उनका केवल नाम ममता है लेकिन दिल और दिमाग से उन्होंने गरीबों और आम लोगों के प्रति अपनी सारी करुणा खो दी है। सिंह ने आरोप लगाया कि बनर्जी उन अल्पसंख्यक लोगों को, जो एक महीने के रमजान के बाद ईद मनाने के लिए घर लौटे थे, वोट नहीं देने और राज्य के बाहर अपने-अपने कार्यस्थलों पर वापस जाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## सार संक्षेप

### विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें लोक सेवक : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी है और विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया है। धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी लोकसेवक का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। धनखड़ ने कहा कि लोक सेवक दिवस की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में वे अपना समर्पण निरंतर जारी रखेंगे।

### ओडिशा में 25 से विद्यालयों में ग्रीष्म कालीन अवकाश

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में गर्मी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए रविवार को 25 अप्रैल से विद्यालयों में ग्रीष्म कालीन अवकाश की घोषणा की। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि संभावित गर्मी और मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर राज्य के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूल 22 अप्रैल से 24 तक तीन दिनों के लिए सुबह 6.30 बजे से 10.30 बजे तक खुले रहेंगे।

### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने से आईईडी, बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करके संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस व 'जंग लगे' गोला-बारूद बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस, सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की एक संयुक्त टीम ने थानामंडी के सुदूर गांव में तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों ने कहा कि तलाशी के दौरान, ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और राउंड, मैगजीन तथा आईईडी सहित जंग लगे गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार बाइक टक्कर में चार लोगों की मौत

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में रविवार को तेज गति से आ रही कार और बाइक में भीषण टक्कर के चलते आदिवासी दंपति और उनके दोनों बच्चे मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सेंधवा बलवाड़ी मार्ग पर बाबदड फाटे और शाहपुरा के बीच दुर्घटना हो गई। एक मोड़ वाले घाट पर रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रही कार और बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में आदिवासी शिव सेनानी का पूरा परिवार काल के गाल में समा गया। घटना में 35 वर्षीय शिव सेनानी, उसकी पत्नी सिंगला बाई, पांच वर्षी पुत्र आशीष व सात वर्षीय पुत्री ज्योति की मृत्यु हो गई।

# राजग ने पिछड़े अति पिछड़े लोगों के अधिकारों को दिया बढ़ावा : शाह

**कटिहार,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन



**कटिहार में चुनावी सभा को किया संबोधित**

(राजग) ने देश में अपने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान पिछड़े अति पिछड़े लोगों के अधिकारों को बढ़ावा दिया और उनकी रक्षा की लेकिन इस लोकसभा चुनाव के बाद यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पिछड़ों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे और उन्हें दंगा, अत्याचार, गरीबी और भुखमरी मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में कटिहार लोकसभा सीट से जनता दल (जदयू) उम्मीदवार दुलालचंद्र गोस्वामी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़े वर्ग से हैं और यह भाजपा ही थी जिसने उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर कई दशकों तक केंद्र की सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने पिछड़ों के हितों की अनदेखी की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान काका कालेकर समिति की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया ताकि पिछड़ों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा सके। साथ ही उसने ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने के कदम का कड़ा विरोध किया।

**मध्य प्रदेश में चुनावी सभा में खड़गे का केंद्र सरकार पर आरोप**

# देश में बस बड़े उद्योगपतियों का कर्जा हो रहा माफ

**सतना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर एक के बाद एक हमले बोलते हुए कहा कि देश में दो आदमी सब कुछ बेचने वाले और दो आदमी सब कुछ खरीदने वाले बचे हैं और गृह मंत्री अमित शाह की लॉन्ड्री में आदमी भी लगातार धुल-धुल कर क्लीन हो रहे हैं। खरगे मध्य प्रदेश के सतना में पार्टी प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले यहां इस सभा को संबोधित करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते उनके यहां नहीं आने के कारण खरगे ने इस सभा को संबोधित किया। इस दौरान खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री शाह और केंद्र सरकार पर लगातार हमले बोले। उन्होंने कहा कि देश में दो आदमी सब कुछ बेचने वाले और दो खरीदने वाले हैं। सब कुछ बेचने वाले ये दोनों आदमी मोदी-शाह, एयरपोर्ट, रास्ते, रेलवे, बड़े सार्वजनिक उपक्रम सबको बेचने वाले हैं। वहीं अदाणी और अंबानी सब कुछ खरीदने वाले हैं। देश में बस बड़े उद्योगपतियों का कर्जा माफ हो रहा है, गरीब किसानों का कर्जा कहीं माफ नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो लोग कांग्रेस के पास रहते हुए भ्रष्ट थे, वो भाजपा के पास कैसे अच्छे हो गए। उन्हें मंत्री बनाया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि गृह मंत्री शाह के पास एक बहुत बड़ी लॉन्ड्री है, उसमें एक बहुत बड़ी वॉशिंग मशीन है। पहली बार सुना है कि शाह की लॉन्ड्री में आदमी भी धुल कर क्लीन हो गए। अब तक उसमें 27 लोगों को क्लीन कर बाहर निकाला जा चुका है। कई भाजपा सांसदों के संविधान बदलने संबंधित कथित बयानों को लेकर भी खरड़े ने सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि डॉ. अंबेडकर भी ऊपर से आ जाएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा, अगर उनकी ये बात सच है तो उनके सांसद विधायक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख भागवत संविधान बदलने की बात क्यों करते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि इस सरकार को अगर फिर लाया गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के मध्य प्रदेश के सतना में चुनावी दौरा स्वास्थ्य कारणों के चलते रद्द होने पर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर इस बारे में जानकारी दी।



देश में दो आदमी सब कुछ बेचने वाले व दो आदमी सब कुछ खरीदने वाले बचे हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे

### बहुत झूठ बोलते हैं प्रधानमंत्री मोदी : कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत झूठ बोलते हैं। उन्होंने विदेशों से काला धन लाने, सबके खाते में 15 लाख आने, हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने और किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। ये सब उनका झूठ था। उन्होंने गरीबों को मुफ्त अनाज की केंद्र सरकार की योजना को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में खाद्य सुरक्षा का अधिकार बनाया गया था, तो इसके बाद श्री मोदी मुफ्त की बात कैसे करते हैं, ये तो वैसे भी कांग्रेस का बनाया हुआ कानून है। पार्टी अध्यक्ष ने अपने संबोधन की शुरुआत सभा में उपस्थित लोगों से माफी मांगने के साथ की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को फूड प्वाइजनिंग के कारण वे यहां नहीं आ सके और इसलिए उनकी भरपाई के लिए वे यहां आए हैं।

# मतदान के प्रति करें जागरूक : के.रवि कुमार

**रांची,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार 21 अप्रैल को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरुआत हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र, राज्य स्वीप नोडल पदाधिकारी श देवदास दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरुआत की। मिनी मैराथन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं।

मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं।





■ झारखंड के रांची में मिनी मैराथन का किया गया आयोजन

### मतदान के दिन रहेगा सवैतनिक अवकाश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा, इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एडिशनल सीईओ संदीप सिंह, डीआईजी अनूप बिरथरे ने पुरस्कृत किया। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित गीतों एवं धुनों पर युवा जमकर झूमे।

## ठाणे से सपा विधायक रईस कासम ने इस्तीफा वापस लिया

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में भिवंडी पूर्व से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक रईस कासम शेख ने रविवार को अपना इस्तीफा वापस ले लिया। राज्य के दो सपा विधायकों में से एक शेख ने शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख अबू आसिम आजमी को इस्तीफा सौंपा था। शेख ने गत शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैंने पिछले वर्ष लगातार महत्वपूर्ण पार्टी संगठनात्मक और विस्तार संबंधी चिंताओं को हमारी पार्टी के राज्य नेतृत्व के सामने रखा है। मेरे लगातार प्रयासों के बावजूद, ये मामले अभी तक हल नहीं हुए हैं। मैं हालांकि, विशेष रूप से पार्टी के भीतर उन मामलों पर चर्चा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शेख ने हालांकि रविवार को अपना फैसला पलट दिया।

# जातिवादी सोच के कारण भाजपा नहीं कर सकी किसानों का उत्थान : मायावती

**अमरोहा,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी सोच और नीतियां किसानों का उत्थान नहीं कर पाई हैं। इस मौके पर किसान नेता नरेश चौधरी ने बसपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की। बसपा प्रमुख मायावती ने यहां जोया रोड़ पर स्थित मैदान में पार्टी प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद हुसैन के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। बसपा प्रमुख मायावती ने एनडीए और इंडिया एलायंस को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस चुनाव में गारंटी काम नहीं आएगी। भाजपा सरकार में सबसे ज़्यादा किसान दुखी हैं। धन्नासेठों की समर्थक भाजपा सरकार में किसानों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। वहीं दूसरी ओर सच्चर कमेटी की सिफारिशों का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार में मुस्लिमों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि बसपा सरकार बनने पर दलित-मुस्लिम और पिछड़ों, आदिवासियों की हितैषी नीतियां लागू की जाएंगी। विशाल मैदान में उपस्थित भीड़ को देखकर मायावती ने कहा कि अब उन्हें विश्वास हो गया है कि इस बार भी अमरोहा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को ही जीत मिलेगी।



**पार्टी प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में मांगे वोट**

**चिंता** *आतंकी हिंसा ही नहीं अपराधों से भी जूझने लगा है श्रीनगर*

# पिछले पांच वर्षों में 455 अपहरण व बलात्कार के मामले दर्ज

■ **सुरेश एस डुग्गर**


जम्मू, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में 34 सालों से फैले आतंकवाद के दौर का एक खास पहलू यह था कि अन्य अपराधों को आतंकी हिंसा के बीच नजरअंदाज कर दिया गया था। पर अब इसके प्रति आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

यह कितने चौंकाने वाले हैं इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले पांच वर्षों से अधिक समय में, श्रीनगर जिले में कम से कम 455 अपहरण और बलात्कार के मामले और 63 हत्या के मामले देखे गए हैं।

उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर जिले के पुलिस अधिकारियों ने 2019 से 31 जनवरी-2024 तक कम से कम 455 अपहरण और बलात्कार के मामले दर्ज किए हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस अवधि के दौरान, क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने अपराध शीर्ष हत्या के तहत कम से कम 63 मामले और अपराध शीर्ष आत्महत्या के प्रयास के तहत 170 आत्मघाती मामले दर्ज किए हैं। यह जानकारी जिला पुलिस श्रीनगर के जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) द्वारा कार्यकर्ता एम एम शुजा द्वारा दायर सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन के जवाब में सामने आई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पुलिस ने 2019 में श्रीनगर में आत्महत्या के प्रयास के तहत कम से कम 15 आत्मघाती मामले दर्ज किए हैं, इसके बाद 2020 में 26 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2021 में ऐसे कम से कम 51 मामले, 2022 में 41 मामले और 2023 में 34 आत्मघाती मामले दर्ज किए गए। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी महीने के अंत तक श्रीनगर जिले में कुल तीन आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए थे।

अपहरण और बलात्कार के मामलों के बारे में, पीआईओ ने बताया कि जिला पुलिस श्रीनगर ने वर्ष 2019 में कम से कम 98 ऐसे मामले दर्ज किए हैं, इसके बाद वर्ष 2020 में 21 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि श्रीनगर जिले में 2021 में अपराध मद के तहत अपहरण और बलात्कार के कम से कम 100 मामले दर्ज किए गए हैं और 2022 में क्रमशः 128 ऐसे मामले और 2023 में सौ मामले देखे गए हैं। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि 2024 में जनवरी महीने के अंत तक श्रीनगर जिले में अपहरण और बलात्कार के कुल आठ मामले दर्ज किए गए थे इसी तरह, पीआईओ ने उल्लेख किया है कि वर्ष 2019 में, श्रीनगर जिले में पुलिस ने कम से कम छह हत्या के मामले दर्ज किए हैं, इसके बाद 2020 में 13 मामले, 2021 में कम से कम 24 हत्या के मामले, 2022 में तेरह मामले और 2023 में छह मामले दर्ज किए हैं।

पीआईओ ने आगे खुलासा किया है कि जनवरी-2024 में, जिले के पुलिस अधिकारियों ने अपराध प्रमुख हत्या के तहत केवल एक ऐसा मामला दर्ज किया है।





■ इस वर्ष जनवरी महीने के अंत तक तीन आत्महत्या के मामले किए गए दर्ज

उल्टा पुल्टा

हॉरर फिल्म में जब लड़की को अजीब-अजीब आवाजें सुनाई देती हैं तो वो ऐसे बोलती है – कौन है वहां... ?
जैसे कि भूत उनको बोलेगा – अरे मैं हूं.... मैगी बना रहा हूं, खाएगी क्या... ?

# तिहाड़ जेल के बाहर 'आप' कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

■ केजरीवाल को इंसुलिन देने के लिए तिहाड़ पहुंचे नेता

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। तिहाड़ में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं देने को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने भाजपा सरकार के खिलाफ तिहाड़ जेल के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के विरोध प्रदर्शन में कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता अतिशी, विधायक संजीव झा और मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़, आदिल खां समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री आतिशी समेत अन्य नेता



दिल्ली के लोगों ने अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजा है : आतिशी

अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली के लोगों द्वारा भेजी गई इंसुलिन के इंजेक्शन लेकर पहुंचे थे। आतिशी ने जेल के बाहर मौजूद अधिकारियों को इंसुलिन देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने नहीं ली। इस पर आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता को अपने मुख्यमंत्री की सेहत को लेकर चिंता है। इसलिए उन्होंने अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजी है। लेकिन जेल अधिकारियों ने इंसुलिन लेने से इन्कार कर दिया। भाजपा इंसुलिन को रोक कर अरविंद केजरीवाल की जान को खतरे में रखने की साजिश कर रही है। इस दौरान ''आप'' नेता हाथों में 'अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दो और अरविंद केजरीवाल की जान से खिलवाड़ मत करो' लिखी तख्तियां, पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे थे। इस दौरान आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजा है। अरविंद केजरीवाल पिछले 20 सालों से डायबिटिज के मरीज हैं। आज उनका शुगर लेवल 300 से उपर पहुंच गया है और शुगर लेवल लगातार 300 के पार बना हुआ है। दिल्ली और देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के किसी भी डॉक्टर से परामर्श लिया जाए तो वो बता देगा कि 300 से उपर शुगर लेवल है तो बिना इंसुलिन का इंजेक्शन लिए कम ही नहीं हो सकता है। अगर 300 से उपर शुगर लेवल बिना इंसुलिन के कंट्रोल नहीं हो सकता है और तिहाड़ प्रशासन इंसुलिन देने से मना कर रहा है, तो साफ तौर पर केजरीवाल की जान को खतरा है।

## केजरीवाल को अपने डॉक्टर से बात करने की अनुमति दी जाए : प्रियंका कक्कड़

'आप' की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अगर किसी को डायबिटिज होती है तो उसके लिए एक-एक दिन महत्वपूर्ण होता है। ईडी की कस्टडी में अरविंद केजरीवाल की शुगर 46 पहुंच गई थी। अब 300 के पार पहुंच रही है। जेल प्रशासन और एलजी तय करने वाले कौन होते हैं कि इंसुलिन की जरूरत नहीं है। यह तो डॉक्टर ही जांच करके बताएगा। डायबिटिज के विशेषज्ञ डॉक्टर से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बात करने की अनुमति दी जानी चाहिए। लेकिन एलजी और जेल प्रशासन को इससे भी दिक्कत है। आज देश में एक बहुत भारी संख्या में लोग डायबिटिज के मरीज हैं। जिन लोगों को शुगर है, उनके परिवार के लोग ही समझ सकते हैं कि आज हम लोग तिहाड़ जेल के बाहर आकर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं?


## मधुमेह से पीड़ित कैदियों के लिए इंतजाम होने के दावे के बाद विशेषज्ञ तलाश रहा तिहाड़ प्रशासन : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को आरोप लगाया कि तिहाड़ प्रशासन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स से मधुमेह रोग विशेषज्ञ भेजने का अनुरोध किया है, जबकि उसने जेल में बंद मधुमेह से पीड़ित कैदियों के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं होने का पूर्व में दावा किया था। भारद्वाज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कल 20 अप्रैल को महानिदेशक जेल ने एम्स को पत्र लिखकर एक मधुमेह रोग विशेषज्ञ को तिहाड़ में तैनात करने का अनुरोध किया है। केजरीवाल पिछले 20 दिनों से तिहाड़ में बंद हैं और अब वह चिकित्सक की मांग कर रहे हैं।

# महावीर जयंती पर 2550वां निर्वाणोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। महावीर जयंती के पावन प्रसंग पर भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव कार्यक्रम, प्रधानमंत्री की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। भारत मण्डपम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रसंत परम्पराचार्य प्रज्ञसागर जी मुनिराज का आशीर्वाद लेकर वैश्विक समस्याओं के समाधान में भगवान महावीर के उपदेशों को सर्वाधिक प्रासंगिक बताया। अमृत काल में देश के उदय को विकसित भारत के स्वरूप के रूप में उदित होना है और भारत विश्वगुरू के रूप में अपनी पुराआभा का अंगीकरण करेगा।

प्रधान मंत्री ने जैन समाज के अवदानों को रेखांकित करते हुए अपने विराट परिवार का हिस्सा बताया और उनके नए भारत को सुदृढ़ करने में योगदान देने हेतु आह्वान किया। आचार्य प्रज्ञसागर जी ने प्रधान मंत्री को सकल विश्व में चक्रवर्ती होने का आशीर्वाद दिया और कहा कि नव्य भारत उनके नेतृत्व में सदाचार की नई वर्णमाला लिख रहा है, जिसका प्रमाण है कि जी20 में शाकाहारी भोजन का प्रयोग पहली बार सदाचारी भारत की गौरवगाथा लिख सका है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्य



न्यायाधीश का शाकाहारी होना इस संकल्प को शक्ति देता है। अमृत काल में भारत का उदय भगवान महावीर के सिद्धांतों के माध्यम से होगा, जिसका पहला प्रतीक भारतीयता के उदय और भारत के चिन्तन के अवसान में सन्निहित है। इस अवसर पर जैन समाज के अन्य साधुओं तथा साध्वियों ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री के द्वारा स्मारक डाक टिकट तथा सिक्का भी जारी किया गया । परम्पराचार्य राष्ट्रसंत प्रज्ञसागर जी के विचारों से सहमति व्यक्त करते हुए प्रधान मंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि यही समय सही समय है जब हम देश के विकास की यात्रा को गतिशील कर विकसित भारत के संकल्प को सदाचारी भारत के रूप में अविर्भूत कर सकते हैं। यह कार्यक्रम भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति एवं भगवान महावीर मेमोरियल केन्द्र के संयुक्त अवधान में आयोजित हुआ।

सार संक्षेप

## उदितराज को लेकर भी कांग्रेस में रोष : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि जहां एक ओर दिल्ली कांग्रेस का एक वर्ग आम आदमी पार्टी से गठबंधन के पार्टी नेतृत्व के दबाव से हतोत्साहित था तो अब कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित दो प्रत्याशियों कन्हैया कुमार एवं उदित राज को लेकर रोष व्याप्त है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की राजनीतिक सूत्र एवं पत्रकारों से मिल रही जानकारी अनुसार कन्हैया कुमार एवं उदित राज को लेकर दिल्ली के कांग्रेस नेताओं में रोष है और उन्होने अपने प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया पर विरोध दर्ज कराया है। एक वरिष्ठ पूर्व सांसद की कन्हैया कुमार से कहा-सुनी की भी पत्रकारों के बीच खूब चर्चा है। आप विधायकों एवं पार्षदों से भी कांग्रेस उम्मीदवारों का कोई समन्वय नही बन पाई रहा है।

## 'ओवर-स्पीडिंग' उल्लंघन में 15 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को दावा किया कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के उल्लंघन के मामलों में कमी आई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से इस साल के जारी ओवर-स्पीडिंग के चालानों में बीते वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस 15 अप्रैल 2024 तक ओवर-स्पीडिंग उल्लंघन के लिए कुल 816,372 चालान किए गिए हैं। आकंड़े बीते वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत कम हैं। 15 अप्रैल 2023 में मामलों की संख्या 952,367 रिकॉर्ड हुई थी। एक वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर लगे ओवर स्पीड उल्लंघन डिटेक्शन (ओएसवीडी) कैमरों की वजह से वाहन चालक बेहद सावधानी से वाहन चला रहे हैं। इससे शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार की वजह से होने वाली घटनाओं पर भी अंकुश लगा है। ओएसवीडी कैमरों की व्यवस्थित तैनाती ने वाहनों की रफ्तार की निगरानी और उसको रेगुलेट करने में अहम भूमिका निभाई है। इस तरह की व्यवस्था से यात्रियों की सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिला है। अधिकारी ने कहा कि ओएसवीडी कैमरे ओवर-स्पीडिंग को सटीक तरीके से पकड़ते हैं। जिस वजह से उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होती है।

## ड्राइवर की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास 36 वर्षीय कैब ड्राइवर को लूटने और उसकी हत्या में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान लोनी निवासी फिरोज के रूप में हुई। दिल्ली पुलिस ने कुछ दिन पहले घटना के सिलसिले में तीन आरोपियों अनीता उर्फ रुखसार (28), साजिद (19), सलमान (24) को गिरफ्तार किया था। फिरोज फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी एमके मीणा ने कहा कि फिरोज के ठिकाने के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पृथ्वी दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन : संत राजिन्दर सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पृथ्वी दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है क्योंकि यह हमें जीवन जीने के लिए कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को उपलब्ध करती है। यह सभी संसाधन न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मूल्यवान है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि इन सभी संसाधनों का प्रयोग हम बहुत ही सावधानी से करें।



इन संसाधनों का सदुपयोग करने और पृथ्वी का सम्मान करने के लिए हमें अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा, जिसमें कि हम इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं। इसमें इंसानों से लेकर जानवरों और पौधों तक सभी शामिल हैं। सिर्फ यह सोचकर ही हमें खुषी मिलती है कि इस विषाल अंतरीक्ष में यह ग्रह पिता-परमेष्वर का बनाया एक खूबसूरत रत्न है, जिसमें हम सब इस परिवार के एक सदस्य हैं। इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहियें जिसमें कि हम एक-दूसरे की मदद करते हुए प्रेम और शांतिपूर्वक जी सकें।

इस ग्रह पर रहते हुए हम स्वस्थ तरीके से अपना जीवन यापन करें, ताकि हमारे परिवार और पूरे विष्व के लिए वर्तमान में और आने वाले समय में भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

इसके लिए हमें चाहिये कि हम इस ग्रह की देखभाल करते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तौर पर विकसित हों। जिसके लिए हमें एक शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना होगा और साथ ही साथ अपनी आत्मिक तरक्की के लिए अपने जीवन में हमें सद्गुणों को भी धारण करना होगा। जिसमें कि हम दूसरों की सेवा करते हुए ध्यान-अभ्यास के ज़रिये अपने अंतर में प्रभु-सत्ता से जुड़कर आध्यात्मिक रूप से विकसित हो सकते हैं।

दूसरों की सेवा करना और मिल-जुलकर रहना आध्यात्मिकता का ही एक हिस्सा है। दूसरों के साथ मिलकर रहना और इस पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विद्यमान हैं।

आईये, आध्यात्मिक रूप से बढ़ते हुए हम इस ग्रह, पेड़-पौधों, जानवरों और इंसानों की देखभाल करते हुए हम पृथ्वी दिवस मनायें और पृथ्वी द्वारा दिए गए बहुमूल्य उपहारों का सर्वोत्तम उपयोग करें।

## केजरीवाल ने इंसुलिन लेने की बात क्यों छिपाई : सचदेवा

**नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को यह बताना चाहिए कि उन्होंने यह क्यों छुपाया कि वह इंसुलिन लेते थे।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी लगातार यह आरोप लगा रही है कि तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल डायबिटीज से ग्रसित है और जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं लेने दिया जा रहा। रविवार को दिल्ली में भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम में सचदेवा व अन्य भाजपा नेता शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की वीसी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हुई थी। केजरीवाल से पूछना चाहिए कि उन्होंने इंसुलिन लेने की बात क्यों छुपाई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने बताया था कि तेलंगाना के एक डॉक्टर की सलाह पर वह टैबलेट ले रहे हैं और कई महीने से इंसुलिन लेना छोड़ चुके हैं। यदि बीमार व्यक्ति स्वयं ही यह कह रहा है कि मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है, ऐसे में उसका अधिकार कहां गया।

वहीं इस कार्यक्रम में धामी ने कहा कि एक ओर जहां भगवान राम का भव्य मंदिर तैयार हो गया है, वहीं दूसरी ओर उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर और काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर बनकर तैयार है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने खत्री पंजाबी समाज के लिए कई कार्य किए : अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। खत्री पंजाबियों के एकमात्र राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा ने मौजूदा लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थन किया है। राजधानी दिल्ली में रविवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद अरोड़ा और अध्यक्षता कर रहे चरणजीत मल्होत्रा ने इसकी घोषणा की। उन्होंने संगठन के पांच लाख कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा के हर उम्मीदवार को जिताकर संसद पहुंचाएं, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने खत्री पंजाबी समाज के लिए जो कार्य किए हैं, वह कोई और नहीं कर पाया है।

अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की शुरुआत, सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाना और करतारपुर कॉरिडोर खुलवाना ऐसे कार्य हैं, जिनके लिए संगठन पीएम मोदी का आभार प्रकट करता




है। अरविंद अरोड़ा ने कहा कि उनके संगठन के किसी भी पदाधिकारी की कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है। खत्री समाज हमेशा राष्ट्रीय विचारधारा पर चलने वाला समाज रहा है, इसलिए वे सिर्फ राष्ट्रहित में बीजेपी का समर्थन कर रहे हैं। जो सरकार राष्ट्र की बात करेगी, खत्री युवा महासभा उसी का समर्थन करेगी। गौरतलब है कि देश भर में लगभग 14 करोड़ खत्री पंजाबी आबादी निवास करती है। समस्त पंजाबियों से आह्वान है,कि गिलहरी स्वरूप योगदान देकर मोदी सरकार को बनाने में अपना सम्पूर्ण योगदान दे।

# तीन दिवसीय राइड एशिया एक्सपो का समापन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। साइकिल एवं इलेक्ट्रिक वाहन की दुनिया के नवीनतम उत्पादों एवं तकनीकी जानकारी के साथ राइड एशिया एक्सपो के पांचवे संस्करण का दिल्ली के प्रगति मैदान में समापन हो गया। तीन दिनों तक चले इस एक्सपो में पूरे एशिया से साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन एवं उद्योग से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

इस मौके पर डॉक्टर रजनीश एडिशनल सेक्रेटरी एंड डेवलपमेंट कमिश्नर एम एस एम ई मौजूद थे। इस एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शकों, 2000 से अधिक ब्रांड, 10,000 से अधिक डीलर्स और वितरक शामिल हुए। और इस दौरान लगभग 6,500 से अधिक उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। राइड एशिया एक्सपो




2024 एक निर्माताओं, डीलरों, वितरकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए नेटवर्क बनाने और अपने लक्षित ग्राहकों से जुड़ने का एक अवसर है। उड़ान मीडिया एंड कम्युनिकेशंस के सीएमडी जीएस ढिल्लों ने राइड एशिया 2024 के अनुभव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रगति मैदान में आयोजित हुए राइड एशिया एक्सपो 2024 प्रदर्शनी ने पंजाब में ई बाइक उद्योग के लिए नए रास्ते खोले हैं।

# पर्यावरण प्रेमी कालीचरण ने रेलवे ट्रैक को किया हरा भरा

■ देश में स्वच्छ पर्यावरण की स्थापना करना है कालीचरण का उद्देश्य
■ रेलवे के अधिकारी व लोग भी कर रहे उनकी प्रशंसा

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। 1990 से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे कालीचरण ने दिल्ली के प्रगति मैदान और रिंग रोड के बीच में खाली पड़ी रेलवे की जमीन का सौंदर्यकरण बड़े ही शानदार तरीके से किया है। यहां पर उन्होंने 25000 स्क्वायर मीटर एरिया में एक विशाल नर्सरी स्थापित करके रेलवे ट्रैक के किनारे का सौंदर्यकरण बड़ी खूबसूरती के साथ किया है। यहां विशेष थाईलैंड से मंगाए गए बोनसाई प्लांट्स,हरी घास व अनेक पेड़ पौधे लगाकर इस ट्रैक को इतना सुंदर बना दिया गया है कि अब वह लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है कालीचरण का मुख्य उद्देश्य देश में स्वच्छ



पर्यावरण की स्थापना करना है।

इन्होंने यह प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ली है और वह आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल - मंत्रालय, और रेलवे के डीआरएम का धन्यवाद करते नजर आते हैं । उनका कहना है कि उनकी प्रेरणा की वजह से ही यह सब संभव हुआ है।

उन्होंने आज बताया कि पहले ये जगह मलबे का ढेर बनी हुई थी लेकिन इसको साफ सफाई और चमकाने में एक वर्ष से भी अधिक समय लग गया। खूबसूरत नर्सरी भी स्थापित की गई। नर्सरी के साथ साथ रेलवे ट्रेक के सौंदर्य करण के लिए दिन-रात काम किया गया। कालीचरण का कहना है कि इस काम के लिए उन्होंने 40 से ज्यादा मजदूरों की सहायता ली और दिन-रात काम करके रेलवे ट्रैक को पर्यावरण फ्रेंडली बनाया । आज जो भी रेलवे ट्रैक को देख रहा है वह दंग रह जाता है। इसकी सुंदरता लोगों के दिमाग में रच-बस गई है । रेलवे के अधिकारी भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते। कालीचरण का कहना है कि वह शुरुआत के समय में फौज में थे। और वहीं से उन्हें प्लांटेशन का शौक लगा। कालीचरण ने फौज की नौकरी के साथ-साथ 1982 से 1984 तक प्लांटेशन यानी नर्सरी का काम बखूबी सीखा और उसके बाद दिल्ली में एवरग्रीन नर्सरी की शुरुआत की। अब कालीचरण दिल्ली में एवरग्रीन नर्सरी के नाम पर कई शाखाएं चला रहे हैं।

तैयारी | कॉर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन बने सुभाष चोपड़ा

# 'आप' के साथ तालमेल बिठाने की रहेगी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार को तेज करने की रणनीति तैयार कर ली है। चुनावों में इंडिया गठबंधन के चलते आम आदमी पार्टी (आप) के साथ किस तरह से तालमेल स्थापित किया जाए इसको लेकर भी पूरी तैयारी की जा रही है।दोनों पार्टियों के बीच तालमेल बनाए रखने के लिए कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है।

कांग्रेस ने जिसकी कमान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा को सौंपी गई है। रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी महासचिव दीपक बावरिया ने लोकसभा चुनाव के लिए सुभाष चोपड़ा को चुनाव प्रबंधन कमेटी और समन्वय समिति के चेयरमैन की नियुक्ति की घोषणा की। पार्टी नेताओं का कहना है कि सीटों के बंटवारे का तभी फायदा होगा, जब जमीनी स्तर पर दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ें और वोट ट्रांसफर कराने के लिए



काम करें। फिलहाल पार्टी अपनी ओर से इस कमिटी का गठन कर लिया है। ये कमेटी, आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ तालमेल करेगी। सुभाष चोपड़ा कॉर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष के रूप में आप पार्टी के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। दोनों पार्टियां चुनाव में किस तरह से भाजपा के खिलाफ माहौल तैयार किया जाए, इस पर आने वाले समय में रणनीति बनाएंगी। कांग्रेस पार्टी को लग रहा है कि सीटों के बंटवारे के बाद चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच नियमित समन्वय बनाए रखना जरूरी है, ताकि बीजेपी के खिलाफ सुनियोजित रणनीति के तहत प्रचार अभियान चलाया जा सके। उधर, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का कहना है कि अत्यधिक अनुभवी नेता सुभाष चोपड़ा को चुनाव प्रबंधन और समन्वय कमेटियों में संसदीय चुनाव के रण नीति बनाने और कार्यशैली का अच्छा अनुभव है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस भाजपा की केंद्र सरकार और उनके सांसदों के 10 वर्षों की विफलताओं को उजागर करने के लिए आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान चलाएगी। कांग्रेस

# चार साल का स्नातक कोर्स पूरा करने वाले छात्र दे सकेंगे नेट परीक्षा

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चार साल की स्नातक डिग्री (एफवाईयूपी) लेने वाले छात्र अब सीधे यूजीसी नेट दे सकते हैं और पीएचडी कर सकते हैं। यह निर्णय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लिया गया है।यूजीसी ने बताया कि जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए छात्रों को चार साल के स्नातक प्रोग्राम में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड हासिल करने होंगे।

मौजूदा व्यवस्था में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए छात्रों को केवल 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर (पीजी) डिग्री की जरूरत है। नए नियमों के तहत अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले छात्र भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार के मुताबिक चार साल का स्नातक




कार्यक्रम (एफवाईयूपी) पूरा करके डिग्री हासिल करने वाले छात्र सीधे पीएचडी करने के लिए पात्र माने जाएंगे। ऐसे छात्र नेट परीक्षा भी दे सकते हैं। एफवाईयूपी पूरा करने वाले छात्रों को ऐसे किसी भी विषय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें कि वे पीएचडी करना चाहते हैं। गौरतलब है कि यह विषय उन विषयों से अलग हो सकते हैं जिनकी पढ़ाई छात्रों ने एफवाईयूपी के दौरान की है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस नोएडा जोन के सभी थानाक्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चला रही है। सेक्टर-24 पुलिस शनिवार रात को सेक्टर-11 के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान उधर से एक स्कूटी सवार गुजरा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस की टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो स्कूटी घुमाकर वह भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया।

**मनीष कुमार मिश्र, एडिशनल डीसीपी**

# हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह के दो तस्कर 15 तमंचे के साथ गिरफ्तार

- चोरी की मोटरसाइकिल से तमंचे की तस्करी करते थे आरोपी
- गिरफ्त में आए आरोपियों पर दर्ज हैं करीब 40 मुकदमे



**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को सेक्टर-24 पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दबोच लिया है। दोनों के पास से पुलिस ने 15 तमंचा समेत अन्य सामान बरामद किया है। तस्करी में इस्तेमाल होने वाली स्कूटी और बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थाने में करीब 40 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के एक अन्य साथी के बारे में भी पुलिस को अहम जानकारी मिली है। तीसरे साथी की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस नोएडा जोन के सभी थानाक्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चला रही है। सेक्टर-24 पुलिस शनिवार रात को सेक्टर-11 के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान उधर से एक स्कूटी सवार गुजरा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस की टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो स्कूटी घुमाकर वह भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। उसकी जब तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से तीन 315 बोर और चार 12 बोर का तमंचा मिला। छह कारतूस भी आरोपी के कब्जे से बरामद हुए। आरोपी की पहचान दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी जगत सिंह उर्फ चिंटू के रूप में हुई है। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह शातिर किस्म का अंतरराज्यीय अवैध असलहे का तस्कर है और अलग-अलग राज्यों और जिलों में घूमकर अवैध हथियारों की तस्करी करता है। वह तस्करी के दौरान 315 बोर के तमंचों को ग्राहको को सात से साढ़े सात हजार रुपए में बेचता है और 12 बोर के तमंचों को पांच से साढ़े पांच हजार रुपए में बेचा जाता है। जगत अब तक 50 से अधिक तमंचे की सप्लाई कर चुका है। उससे तमंचे कौन-कौन और किस काम के लिए खरीदता था पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

## ऐसे दूसरे आरोपी तक पहुंची पुलिस

दूसरे तस्कर के बारे में जैसे ही पुलिस को अहम जानकारी मिली उसकी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी की अगुवाई ने चार टीमें बना दी गईं। टीमें सभी संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने लगी। देर रात सेक्टर-53 स्थित बिजली घर के पास एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से गुजरा। पुलिस ने उसे रोककर जब तलाशी ली तो बाइक की डिग्गी से आठ तमंचे बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम गाजियाबाद निवासी राहुल उर्फ गोविंदा बताया। उसके पास से तीन तमंचे 315 बोर के और पांच तमंचे 12 बोर के बरामद हुए हैं। जिस बाइक से राहुल अवैध हथियारों की तस्करी करता था वह भी चोरी की है। उसने अपने एक अन्य साथी के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी है। गोविंदा से मिले इनपुट पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही तीसरे आरोपी को भी दबोच लिया जाएगा। राहुल के खिलाफ दिल्ली समेत अन्य जगहों पर 28 केस दर्ज होने की जानकारी मिली है।

## राजस्थान से लाते थे तमंचा

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि जिस तमंचे की आपूर्ति वह दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य जगहों पर करते हैं वह राजस्थान से मंगाया जाता है। दोनों का तीसरा साथी राजस्थान से तमंचा लाता है और राहुल और जगत को आपूर्ति करने के लिए दे देता है। जो मुनाफा मिलता है उसे सभी आरोपी आपस में बांट लेते हैं। आरोपी मोबाइल और चेन लूट व चोरी समेत अन्य वारदात भी कर चुके हैं। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास 2008 से बताया जा रहा है। आरोपी मोबाइल और चेन स्नेचिंग के दौरान पीड़ितों को घायल भी कर देते हैं। दोनों हथियार तस्कर शादीशुदा हैं और कई बार जेल भी जा चुके हैं।

# रंगदारी न देने पर कर्मचारी ने की ठेला लगाने वाले युवक की पिटाई

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रंगदारी नहीं देने पर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी और उसके साथियों ने गन्ने के रस का ठेला लगाने वाले युवक पर लोहे की रॉड और पेचकस से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित युवक की बहन ने सेक्टर-113 थाने में तीन नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित है। इस मामले में केस घटना के छह दिन बाद दर्ज हुआ है।

पुलिस को दी शिकायत में बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी क्षमा रानी ने बताया कि उनका भाई नितिन शर्मा पर्थला खंजरपुर में पुश्ता रोड पर रहता है। वह सेक्टर-122 स्थित शिव मंदिर के सामने ठेला लगाकर गन्ने का रस बेचने का काम करता है। आरोप है कि 12 अप्रैल की रात करीब साढ़े नौ बजे ठेले पर राकेश यादव, पितम और कुंदन पहुंचे। तीनों ने शिकायतकर्ता के भाई से रंगदारी के उद्देश्य से रुपयों की मांग की। रुपए न देने पर राकेश यादव ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कहने लगा कि वह नोएडा प्राधिकरण का कर्मचारी है और उसने आइडी कार्ड भी दिखाया। रंगदारी के रुपए न मिलने पर आरोपी राकेश यादव और उसके साथियों ने मौके पर आठ से दस लोगों को बुला लिया। आरोपियों ने जान से मारने की नियत से नितिन शर्मा के ऊपर लोहे के पेचकस और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में नितिन का सिर फट गया और पूरे शरीर पर गंभीर चोट आई है। वहां मौजूद यशपाल और अन्य लोगों ने नितिन को किसी तरह बचाया। लोगों को घटनास्थल पर एकत्र होता देख आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। यशपाल ने घटना की जानकारी घायल युवक के बहन को दी। इसके बाद शिकायतकर्ता अपने घायल भाई को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## सार संक्षेप

### थार के अंदर से पांच लाख रुपए बरामद

**नोएडा।** लोटस वैली स्कूल के सामने सर्विस रोड पर जांच के दौरान पुलिस और सेक्टर मजिस्ट्रेट उड़नदस्ता दल-दो की टीम ने थार गाड़ी के अंदर से पांच लाख रुपए की रकम बरामद कर ली। कार जेपी ग्रीन विशटाउन सोसाइटी निवासी शुभम पुरी चला रहे थे। कैश के संबंध में थार चालक द्वारा कोई दस्तावेज नहीं दिखाया गया। ऐसे में रकम को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर कोष में जमा करवा दिया। लोकसभा चुनाव के कारण देशभर में आचार संहिता लगी है। अगर कोई व्यक्ति 50 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी लेकर चलता है तो उसे साक्ष्य पेश करना होगा। ऐसा न करने पर रकम कोष में जमा कर दी जाएगी। पुलिस टीमों अबतक सवा करोड़ रुपए की राशि सीज कर चुकी हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**नोएडा।** अगाहपुर ठेके के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर घायल ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक का अंतिम संस्कार करने के बाद उसके पिता ने अज्ञात चालक के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सिकंद्राबाद के नयागांव निवासी पदम सिंह बाल्मीकि ने बताया कि उनका बेटा अजय सेक्टर-30 स्थित एक कंपनी में काम करता था और परिवार के साथ अगाहपुर गांव में रहता था। 14 अप्रैल को रात साढ़े नौ बजे काम समाप्त करने के बाद अजय पैदल की घर लौट रहा था। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण अजय की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की एक 14 वर्षीय बेटी है जो आठवीं कक्षा की छात्रा है। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। आरोपी चालक और वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी चालक घायल को अस्पताल पहुंचाने के बजाय वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

### फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख हड़पने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दंपती समेत चार आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज किया गया है। पैसे वापस मांगने पर आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। धोखाधड़ी करने वाले सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और अलग-अलग थानों में इन पर कई केस दर्ज हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नयाबांस गांव निवासी महेश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अगस्त 2023 में सेक्टर-50 महागुण मैपल सोसायटी के मनोज अरोड़ा, सपना अरोड़ा, राजीव अरोड़ा और महेंद्र सिंह उनसे मिले।

# नि:शुल्क जांच शिविर में 375 मरीजों ने कराई जांच

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर नोएडा डायबेटिक फोरम के तत्वावधान में किया गया। शिविर संचालन में कई रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. जीसी वैष्णव, डॉ. एएन कौशिक, डॉ. पूनम जिंदल, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. विवेक सैंवेल, डॉ. विनीत (डेंटल), डॉ. अभिषेक की देखरेख में तकरीबन 375 मरीजों का फाइब्रो स्कैन, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पीएफटी, बोन डेन्सिटोमीटरी, ईएनटी, डेंटल, नेत्र, फेफड़ों आदि के टेस्ट किए गए।



डॉक्टर की टीम ने मरीजों को टेस्ट के उपरांत उचित उपचार का परामर्श भी दिया। डॉ. वैष्णव ने कुछ मरीजों की समस्याओं का जो निदान से संतुष्ट नहीं हो पाये थे या अपनी समस्याओं को लेकर परेशान थे। उन्हें काफी समय लगाकर आगे के उपचार के लिए परामर्श भी किया।

40 टेक्निकल मेंबर की इस टीम को डायबटिक फोरम के सेक्रेटरी संजय शर्मा व संतोष गुप्ता ने कुशल निर्देशन दिया। उपस्थित सेक्टर वासियों व मरीजों ने फोरम के डॉक्टर्स, टेक्निकल टीम व आज के प्रबंध की भूरी भूरी प्रशंसा की। आयोजक निष्ठा से सभी डॉक्टर्स, फोरम की टेक्निकल टीम, फोरम के दोनों सेक्रेटरी, मंदिर की टीम व इस आयोजन के संयोजक ए के गुप्ता व अन्य स्वयं सेवकों का इस आयोजन को सफल बनाने में हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# चुनाव की तैयारी को लेकर अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को किया ठीक

- गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत उत्साह पूर्वक बन रहा है लोकतंत्र का पर्व






मतदान अवश्य करें, हर नागरिक की अहम जिम्मेदारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद गाजियाबाद के बूथ प्रभारी विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में 3200 बूथों पर वृहद स्तर पर चल रही तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ अधिकांश पोलिंग स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए हैं, सीसीटीवी कैमरा का इंतजाम भी पुख्ता किया गया है। इसी क्रम में अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को बखूबी निभा रहे हैं, मतदान केन्द्र के रैंप भी व्यवस्थित हो चुके हैं, बल्ब की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, पंखों की व्यवस्था, बैरिकेडिंग की व्यवस्था, सूचना पट की व्यवस्था को भी बेहतर किया गया है बूथो के बाहर क्रमांक भी डाले जा चुके हैं, नगर आयुक्त गाजियाबाद के निर्देश अनुसार हर विधानसभा में युवा बूथ दिव्यांग बूथ मॉडल बूथ तथा पिंक बूथ भी बनाए जा रहे हैं, लोकतंत्र के इस पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मतदान केंद्रों पर रफ्तार से कार्य पूर्ण किए गए हैं जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारी गण भी कर रहे हैं, सभी युवा बूथो पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं अपने मत का अधिकार उपयोग करने के लिए जागरूकता के स्लोगन भी दिए गए हैं, आदर्श पोलिंग बूथ पर आई प्राउड वोटर जैसे कट आउट भी लगाए गए हैं, पिंक बूथ पर क्रैच पॉइंट तथा फीडिंग पॉइंट भी बनाए गए हैं, इस प्रकार की तैयारी को देखकर लग रहा है कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत उत्साह पूर्वक लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है गाजियाबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी व अन्य अधिकारी मौके पर मॉनिटरिंग करते हुए भी मिले।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जहां पोलिंग स्टेशनों को व्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों से अपने मत का प्रयोग करने की अपील भी की जा रही है लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सर्वप्रथम अपने कर्तव्य को पूरा करते हुए वोट अवश्य देने के लिए जागरूक किया जा रहा है मतदान हर नागरिक की अहम जिम्मेदारी बताते हुए जन-जन को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में अन्य माध्यमों से भी गाजियाबाद नगर निगम वोटर को मतदान करने के लिए जागरुक कर रहे हैं।

# गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में हुआ क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मलेन

**बुलंदशहर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु) रविवार को जनपद के चोला क्षेत्र में क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ठाकुर समाज के लोग उपस्थित रहे। मंच से एक स्वर में ठाकुर समाज के लोगों ने भाजपा को वोट नहीं देने का ऐलान किया।



लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिमी यूपी के क्षत्रिय समुदाय के लोग भाजपा के खिलाफ दिखाई दे रहे हैं। ठाकुर समुदाय के लोगों में भाजपा को लेकर काफी ज्यादा गुस्सा है जो कि चुनाव के समय पर भाजपा के लिए घातक साबित हो सकता है। किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने बताया कि वह क्षत्रियों के क्षेत्रों में जाकर उन सभी को भाजपा के खिलाफ करने की शुरुआत कर चुके हैं।

लोकसभा चुनाव की सियासी तपिश के बीच पश्चिमी यूपी में क्षत्रिय समुदाय के लोगों ने अचानक भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुजफ्फरनगर, केराना और सहारनपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले ठाकुर बहुल गांवों में बैठकों के बाद पिछले रविवार को सहारनपुर जिले के नानौता में क्षत्रिय महाकुंभ आयोजित की गई।

जहां पर बीजेपी के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया गया। इस दौरान क्षत्रिय समुदाय के संगठनों ने ऐलान किया कि जो भी भाजपा को हराएगा, क्षत्रिय समाज उसे ही वोट करेगा। पूरन सिंह ने कहा कि देश में राष्ट्रवादी सेवा में जवान और किसान हैं, किसी पार्टी का कोई नेता राष्ट्रवादी नहीं है। वही संसद को क्षत्रिय विहीन करने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर ठाकुर पूरन सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पृथ्वीराज सिंह हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। दो अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मृतकों के परिजनों की ओर से अभी तक संबंधित थाने में शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात पुलिस की ओर से कही जा रही है। एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि एटा निवासी मुकेश सिंह, अलीगढ़ निवासी कैलाश कुमार, लायक सिंह और अनिल सेक्टर-61 स्थित उपेरा ग्लोबल कंपनी में काम करते थे। शनिवार रात एक बजकर 45 मिनट पर चारों एक बाइक पर सवार होकर सेक्टर-63 की तरफ जा रहे थे। जब वह फोर्टिस अस्पताल से सेक्टर 62 की तरफ जाने वाले सड़क पर बने पहले यूटर्न पर पहुंचे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। चारों घायलों ने राहगीरों से मदद की गुहार लगाई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। राहगीरों की मदद से पुलिस ने चारों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान मुकेश को दिल्ली के एम्स अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# ईरानी युवती के हत्यारोपियों का साढ़े तीन माह बाद भी सुराग नहीं

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पांच जनवरी को सेक्टर-116 स्थित घर में 22 वर्षीय ईरानी युवती जीनत की हत्या कर फरार होने वाले मुख्य आरोपी और उसके साथियों को सेक्टर-113 पुलिस साढ़े तीन महीने बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मुख्य आरोपी दाउद के ईरान भागने जबकि उसके अन्य साथियों के मुंबई में होने की बात कही जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वारदात के बाद जब पुलिस ने गहनता से मामले की जांच की थी तो सामने आया था कि पीड़ित और आरोपी दोनों पक्षों का संबंध कुख्यात ईरानी गिरोह से भी है। पुलिस के मुताबिक इसी साल पांच जनवरी को सेक्टर-116 में रहने वाले दो ईरानी परिवारों दाउद व फिरोज के बीच झगड़ा हो गया था। विवाद बढ़ने पर दाउद ने फिरोज की 22 वर्षीय बेटी जीनत की चाकू मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। बाद में जीनत के पिता की शिकायत पर 8 आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में यह केस दर्ज हुआ था। इसमें 4 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें मुख्य आरोपी दाउद की पत्नी भी है। मुख्य आरोपी दाउद और उसके तीन अन्य साथियों को नोएडा पुलिस अभी तक नहीं तलाश सकी है। डीसीपी विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की तलाश में टीमें लगी हुई हैं।

भाजपा और कांग्रेस पर जमकर बरसी बसपा प्रमुख

# जुमलों से नहीं चलेगा काम, करना होगा विकास




कोई गड़बड़ी नहीं हुई, तो भाजपा केंद्र में वापस नहीं आने वाली : मायावती

**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रविवार को बसपा व कांग्रेस पर जमकर बरसी। रविवार को उन्होंने कहा कि इस बार यदि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व साफ सुथरे माहौल में हुआ तो भाजपा इस बार केंद्र में वापस नहीं आने वाली है। चूंकि भाजपा ने कोई कार्य नहीं करके केवल जुमलेबाजी की है। जिसको जनता पूरी तरह से समझ चुकी है। जनता अच्छे दिन आने के सपनों की असलियत जान चुकी है। राशन से लोगों का भला होने वाला नहीं है, काम देने से ही जीवन स्तर में सुधार होगा। मायावती यहां कविनगर स्थित रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रही थी।

मायावती ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने पूर्व में केंद्र में सत्ता में रही कांग्रेस सरकार की तरह किसानों पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा की जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी सोच और नीतियां किसानों का उत्थान नहीं कर पाई हैं। गरीब, आदिवासी, दलित, मुस्लिम और समाज के अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के स्तर को सुधारने और उनके कल्याण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने और शिक्षा नीति में सुधार को लेकर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा ने कांग्रेस से भी आगे जाकर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं लेकिन दुख की बात है कि भाजपा व अन्य दल जो अपने आप को क्षत्रियों का हिमायती कहते हैं इस बार लोकसभा चुनाव में खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज के लोगों को किसी भी पार्टी टिकट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे में भी उन्हें उचित भागीदारी दी है। कई टिकट क्षत्रिय समाज को दिए हैं, गाजियाबाद इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां समाज के नंदकिशोर पुंडीर को टिकट दिया गया है। पंजाबी समाज से जितेंद्र कालरा को लखीमपुर खीरी से टिकट दिया है। गुर्जर समाज से बागपत में टिकट दिया है। मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चार बार बसपा सरकार रही और उन सरकारों ने किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिया, किसानों का भला किया। लेकिन मौजूदा सरकार की गलत कृषि नीतियों के चलते किसान आंदोलित रहता है। गलत आर्थिक नीतियों की वजह से देश का विकास रुक गया है। देश में फैला भ्रष्टाचार विकास में बड़ी बाधा है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों की उपेक्षा कर रही है। आरक्षित श्रेणी के सरकारी नौकरियों में खाली पड़े पदों पर सरकार 10 साल बाद भी पर्याप्त संख्या में भर्ती नहीं कर पाई है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट से पता चला है कि दलित और आदिवासी समाज की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टियां किस्म-किस्म के हथकंडे अपना रही हैं। हवाई घोषणा पत्रों के प्रलोभन में नहीं आना है। बसपा की चार सरकारों के काम की अन्य पार्टियां नकल कर रही हैं। केंद्र में आने पर उत्तर प्रदेश में रही बसपा सरकारों की तरह ठोस काम किया जाएगा। धर्म के आधार पर राजनीति कर रही पार्टियों को जनता इस बार सबक सिखाएगी। कथनी और करनी में अंतर रखने वाली सरकार को केंद्र में आने से रोकना है। इसके लिए भाजपा, कांग्रेस व अन्य को वोट न देकर बसपा को वोट करना है। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार बनने पर सभी वर्गों का विकास किया जाएगा। सर्वजन के साथ आदिवासी, मुस्लिम, दलित एवं अन्य धार्मिक व अल्पसंख्यक लोगों के उत्थान के साथ-साथ जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# व्यापारी व उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : धामी



**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इण्डिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं। पुष्कर धामी रविवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित 'व्यापारी सम्मेलन' में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा।

मंचासीन उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री कमल अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभागार में बैठे सभी व्यापारियों से भाजपा को जिताने की अपील की।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, कार्यक्रम संयोजक गोपीचंद प्रधान, मंच संचालन महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन, अनुज मित्तल, सुनील गोयल, बृज मोहन, अशोक चावला, आनंद प्रकाश, विपिन मोहन गर्ग, सुधीर गोयल मोनू, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अनिल सांवरिया, बालकिशन गुप्ता बालू भाई, अशोक भारतीय सहित अन्य व्यापार मण्डलो के अध्यक्ष तथा 370 विभिन्न व्यापार मंडलों व संगठनों के सदस्य व्यापारी तथा उद्योगपति उपस्थित रहे।

उवाच

संभव प्रयास के साथ सोशल मीडिया और प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष असरदार तरीके से समस्या उठाने और फॉलोअप की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने इस क्षेत्र के हर सोसायटी से कुछ सक्रिय लोगों की टीम बनाकर साथ प्राधिकरण जाने की बात की है।

अभिषेक कुमार, नेफोवा अध्यक्ष

# कैपिटल ज़ोन

## हवाई जहाजों की उड़ान व लैंडिंग में बाधा बनने वाले 600 पेड़ अगले माह तक हटेंगे

- एयरपोर्ट परिसर से बाहर 26 स्थानों पर स्थित हैं पेड़
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कराया था सर्वे
- पेड़ों को हटाने के लिए लेकर यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने वन विभाग के अधिकारी से की बात
- 600 पेड़ों को हटा उसके बदले में 6000 पौधे लगाए जाएंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में बाधा बनने वाले 600 पेड़ हटाने का काम इस माह पूरा कर लिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराए गए सर्वे में यह बात सामने आई थी कि एयरपोर्ट परिसर से बाहर 26 स्थानों पर स्थित पेड़ बाधा बन सकते हैं। आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित उड़ान से पहले ट्रायल होना है, इसलिए तैयारी तेज कर दी गई है।

नोएडा एयरपोर्ट से जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में किसी तरह की कोई बाधा तो नहीं आएगी, इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बीते साल 23 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक एहतियात के तौर पर गहन सर्वे कराया था। एडीएल कॉर्डिनेटट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए सर्वे में पाया गया कि एयरपोर्ट की चाहरदीवारी के बाहर स्थित 600 पेड़ों (यूकेलिप्टस) की वजह से हवाई जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है। ऐसे में इन बाधाओं को दूर किया जाना जरूरी है। आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित उड़ान से पहले उड़ानों का ट्रायल होना है। एक रनवे पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में उड़ानों का ट्रायल कभी भी हो सकता है, इसको देखते हुए पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अप्रैल माह में 600 पेड़ों को हटा उसके बदले में 6000 पौधे लगाए जाएंगे।

वहीं सर्वे रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एयरपोर्ट के उत्तरी छोर की रोड से वाहनों की आवाजाही रहेगी। इस रोड से चार मीटर से ऊपर के वाहन नहीं गुजर पाएंगे। अगर इससे ऊंचे वाहन गुजरते हैं, तो हवाई जहाज के उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है।

इसके चलते अब इस रोड पर बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि तय ऊंचाई के वाहन ही निकल सकें। अब इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा ताकि एयरपोर्ट संचालन से पहले सारी बाधाएं दूर की जा सकें।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने कसी कमर

- घर-घर जाकर, रैली निकालकर लोगों से किया जा रहा है सम्पर्क
- मतदाता सूची में नाम होने पर वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्रों का कर सकते हैं प्रयोग



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण में गौतमबुद्ध नगर सीट पर 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना जिला प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है। इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान जारी है। रविवार को जिला स्वीप टीम द्वारा ग्रेटर नोएडा की गौर अतुल्यम, ओमिक्रोन वन, आदर्श विहार सेक्टर चाई-4, महादेव अपार्टमेंट नोएडा सेक्टर-73, कुमारी मायावती स्नातकोत्तर कॉलेज सहित आदि स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, जागरूकता स्टीकर आदि के माध्यम से 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर वोट डालने की अपील की गई।

अधिकारियों ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि वोटर लिस्ट में नाम होने पर ही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

यदि वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो वोट नहीं डाल सकेंगे। मतदाता सूची फाइनल हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में है, परंतु उनके पास पहचान पत्र नहीं है, तो ऐसे मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं या ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्रस्तुत करके मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/सीडीओ जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है, ताकि सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए योग्य प्रत्याशी का चयन करें।

## समस्याओं को लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी निवासी प्राधिकरण के अधिकारियों से मिलेंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्वोदय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में रविवार नेफोवा और सेक्टर 4 व 16सी ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासियों की बैठक हुई। समस्याओं के अंबार के बीच मुख्य रूप से ट्रैफिक, अतिक्रमण, गंगाजल सप्लाई और तिकोना पार्क के जीर्णोद्धार पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य जरूरी मुद्दों को भी सुलझाने के उपर चर्चा की गई। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास के साथ सोशल मीडिया और प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष असरदार तरीके से समस्या उठाने और फॉलोअप की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने इस क्षेत्र के हर सोसायटी से कुछ सक्रिय लोगों की टीम बनाकर साथ प्राधिकरण जाने की बात की है। जिसके बाद अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से समाधान की मांग करेंगे। कुछ सोसाइटियों में पानी के कनेक्शन का नहीं होने का पता चला है। इस शिकायत को तत्काल प्राधिकरण के साथ बैठकर सुलझाने की कोशिश की जाएगी और यदि प्राधिकरण के अधिकारी इसमें ढुलमुल रवैया अपनाएंगे तो फिर निवासियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का घेराव भी किया जाएगा। निवासियों से शिकायत दर्ज करने के लिए यथासंभव जीपीएस कैमरे के साथ तस्वीरें लगाने का भी आह्वान किया गया। बैठक में नेफोवा की तरफ से अध्यक्ष अभिषेक कुमार के साथ चंदन सिंह, रोहित मिश्रा, दिनकर, दीपक, राकेश, वीर सिंह, राहुल , अनिल, आलोक, गौरव, अमित, विजय, मिथलेश, सुभम, शैलेंद्र सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे।



## गरीब, मजदूर व किसान के हक लिए है हमारी लड़ाई : सपा मजदूर सभा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए गौतम बुद्ध नगर लोकसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन की बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र में गठबंधन सरकार बनेगी तो हर मजदूर को पांच सौ रुपए श्रमिक सम्मान निधि दी जाएगी, गरीब महिलाओं को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन, गरीब बालिका बच्चियों को केजी से लेकर पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हमारी सरकार बंद पड़ी पेंशन को बहाल करेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो जातीय गणना की जाएगी, जाति के आधार पर आरक्षण तय किया जाएगा। सेना में अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर पुरानी प्रक्रिया को बाहाल किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में छूट का बाहाल कराया जाएगा। शिक्षा बजट को जीडीपी का दोगुना करने के साथ किसानों के ऋण व उपकरण ऋण को माफ किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई प्रेस के अधिकार व उनके खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस करने की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा मजदूर सभा, विनोद कुमार मुखिया महासचिव, यूनुस प्रधान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मजदूर सभा, मेंहदी हसन, जिलाउपाध्यश, गजेंद्र यादव, प्रदेश सचिव,विनय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, प्रेमपाल सिंह रावल जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## रक्तदान कर महावीर जयंती पर दिया सेवा व सद्भाव का संदेश



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा रविवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन मंदिर बीटा-टू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्लब के सदस्य सुमित माहेश्वरी ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। इस दौरान 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। डॉक्टरों का कहना है कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। इस मौके पर मुकुल गोयल, कपिल शर्मा, शुभम् सिंघल, कपिल गुप्ता, विनय गुप्ता, विकास गर्ग, आदित्य अग्रवाल, विशाल तायल, उदित गोयल, मनीष गुप्ता, रेखा, अमित जैन, नीरज जैन, निकेश जैन, मुकेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## महावीर की जयंती पर ग्रेनो वेस्ट में भंडारे का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर जैन समाज ने किया भंडारे का आयोजन किया। लगभग 1500 लोगों ने प्रसाद लिया भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी चेरी काउंटी में चेरी जैन समाज द्वारा विशाल वात्सल्य भोज (भंडारा) का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1500 लोगों को भोज कराया गया. भंडारे की शुरुआत महामंत्र णमोकार के जाप से की गयी।



इस दौरान सभी निवासियों ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की शुरुआत अपने-अपने घर के बहार सुबह पांच दीपक जलाकर एवं महावीर भगवान की भजन गाकर की, वहीं नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान एवं सुमित बसौया ने भी भंडारा प्रसाद ग्रहण किया एवं भगवान महावीर का सन्देश, जिओ और जीने दो एवं भगवान महावीर के जयकारे भी लगाए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त चेरी जैन समाज का सहयोग।

## राजनाथ सिंह कल बिसाहड़ा में करेंगे जनसभा



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दादरी विधान सभा के बिसाहडा में लोकसभा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में 23 अप्रैल को जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने जनसभा की तैयारी का जायजा लेते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के जनसमर्थन विशाल रैली को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यरूप से लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, सेवानन्द शर्मा, मनोज शिसोदिया, कर्मवीर आर्य, इन्द्र नागर, राज नागर, गुरूदेव भाटी, विचित्र तोमर, मनीष भाटी, अशोक भाटी, अशोक रावल आदि दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती पर शांति, समृद्धि और समानता का लिया संकल्प


**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विवि में रविवार को महावीर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान महावीर स्वामी के जीवन और उनके संदेशों पर विचार विमर्श, भजन संध्या और प्रवचन का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों और शिक्षकों को सामाजिक जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। विवि के चांसलर पी.के. गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन समाज के उत्थान और सामूहिक समृद्धि के प्रयासों का प्रतीक है। समाज में शांति, समृद्धि और समानता के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। प्रो वाइस चांसलर वाई.के. गुप्ता ने कहा कि हम सभी को भगवान महावीर के आदशों का अनुसरण करना चाहिए। उनके संदेशों के माध्यम से हमें जीवन के कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है।


### संबंध विच्छेद

मैं जगदीश योगी पुत्र उदय राम योगी निवासी मोहल्ला मोहम्मदखानी बिलासपुर दनकौर गौतम बुध नगर अपने पुत्र अंकित योगी व उसकी पत्नी रुचि का गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में वे दोनों अपने कार्यों का स्वयं जिम्मेदार होंगे


## सोसाइटी की बालकनी में लगी आग, बड़ी घटना होने से बची

**ग्रेटर नोएडा,**21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के अजनारा होम्स में आग से एक बड़ी दुर्घटना होते होते बची, बालकनी में आग लगने से निवासियों में हड़कंप मच गया।



लेकिन सभी को सूचित करने के लिए न तो पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम काम कर रहा था, न ही स्मोक डिटेक्टर या अलार्म काम कर रहे थे। अजनारा होम्स टावर एम स्थित, फ्लैट 1301 की बालकनी में आग बढ़ती इससे पहले निवासी ने आकर आग पर ज्यादा फैलने से पहले ही काबू पा लिया। ध्यान देने वाली बात ये है कि न तो फिर पाथ की मार्किंग है एम ही साइनेज। असेंबली एरिया में भी एंक्रोचमेंट है। बड़ी दुर्घटना की स्थिति में शायद ही बचाव हो पाए। लोगों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार फिर डिपार्टमेंट और प्राधिकरण से की जा चुकी है, लेकिन खानापूर्ति के सिवाय, फायर ऑडिट और एक्शन पर सोसायटी में कोई का नहीं हुआ।

## मार्केटिंग समिट में नवीनतम रणनीतियों पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जीएल बजाज प्रबंधन और अनुसंधान संस्थान में एक दिवसीय मार्केटिंग समिट का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योग जगत के प्रमुखों और विशेषज्ञों को एकत्र करके मार्केटिंग प्रणाली को आकार देने वाली नवीनतम प्रवृत्तियों और रणनीतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बॉबल एआई के सीईओ और संस्थापक अंकित प्रसाद ने कंपनी की यात्रा और सफलता के बारे में जानकारी साझा की।

अंकित प्रसाद ने बॉबल एआई के नवाचारी उत्पाद, सेल्फी हेड बॉबल मार्क को उजागर किया, जिसने कंपनी को प्रसिद्ध बनाया। उन्होंने कंपनी की विशेषता 'सेल्फी से बॉबल हेड' पर भी जोर दिया जो शाओमी और अन्य निर्माताओं के कीपैड में डिफॉल्ट रूप से एकीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बॉबल एआई ने कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल मार्केटिंग और विज्ञापन में अपनी ताकत का उपयोग करते हुए किया मार्केटिंग चैनल की स्थापना की।

अन्य सत्र में पीडब्ल्यूसी के परामर्श समाधान निदेशक अपराजित प्रसाद ने नेतृत्व, एआई के प्रभावों पर प्रकाश डाला और चौटजीपीटी की भूमिका पर चर्चा की।

कॉन्सेंट्रिक्स के वरिष्ठ निदेशक मार्केटिंग शांतनु चक्रवर्ती ने वर्तमान बाजार को एआई द्वारा कैसे क्रांतिकारी बनाया जाए इस पर चर्चा की। प्रवेशिका अनिकेत दास ने व्यापार प्रथाओं में परिपूर्णता को संजोने पर चर्चा की और मामा अर्थ, मैगी, और ब्रिटानिया जैसे उत्पादों के उदाहरणों को दर्शाते करते हुए कंपनियों द्वारा सक्रिय पहलों और उच्च स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद अन्य वक्ता संजीव राणा ने अपने उद्यमी यात्रा की अवधारणाओं की जानकारी साझा की और प्रतिकूल प्रतिक्रिया का सामर्थ्य, उत्पाद स्वीकृति, और नकारात्मक प्रतिक्रिया को संबोधित करते हुए। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी प्रयासों और बिक्री वृद्धि के बीच संबंध पर भी बल दिया। अंत में प्रणय पासरिचा ने मार्केटिंग पर पुनः जोर देते हुए 4पीएस की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने चुनौतियों की चर्चा की नीति हस्तक्षेपों का सुझाव दिया।

हरित धोखाधड़ी से सावधान रहने की चेतावनी दी और पारदर्शी विज्ञापन का समर्थन किया।


पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## अप्रैल फेयर दिल्ली : दूसरे दिन ई-कामर्स कान्क्लेव में लोगों ने दिखाई रुचि

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अप्रैल फेयर दिल्ली 2024 के दूसरे दिन विदेशी और घरेलू वॉल्यूम खरीदारों की उपस्थिति में पहले दिन की अपेक्षा वृद्धि देखी गई। इसके साथ ही अरब, म्यांमार, सूरीनाम और अन्य राष्ट्रों के राजदूतों के साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने अप्रैल फेयर दिल्ली में शिरकत की। ई-कॉमर्स क्रॉस-बॉर्डर कॉन्क्लेव में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई। विशेष रूप से क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स में विस्तार करने के इच्छुक व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने पर आयोजित एक सत्र ने बड़ी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया, जो ई-कॉमर्स में विक्रेताओं की उच्च स्तर की भागीदारी और रुचि को दर्शाता है। मेले में अब तक 1,100 से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदार, खरीद एजेंट, खुदरा विक्रेता और कॉर्पोरेट प्रतिनिधि शामिल हैं। भारत सरकार में विदेश व्यापार के उप महानिदेशक मोहम्मद मोइन अफाक ने ई-कॉमर्स के कई लाभों पर प्रकाश डाला, जिसमें बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच और प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ताओं तक पहुंचने और बिक्री के द्वारा बेहतर लाभ अर्जित करना शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक पहुंच न केवल ब्रांड की दृश्यता और पहुंच बढ़ाती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों और नवीनतम रुझानों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाती है। मोहम्मद मोइन अफाक ने उद्यमियों को ई-कॉमर्स जुड़कर घरेलू बाजार की अस्थिरता को कम करने की क्षमता पर जोर किया, और सीमा पार ई-कॉमर्स गतिविधियों को समर्थन और सुविधा प्रदान करने के लिए नामित ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब (ईसीईएच) के निर्माण का प्रस्ताव रखा। इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के निदेशक मुकेश गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स कॉन्क्लेव सरकार, आपूर्तिकर्ताओं, खरीदारों, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिशों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा है, और सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता पर कार्रवाई किए जाने के वादे के साथ यह कॉन्क्लेव सफल रहा है। कॉन्क्लेव में ई-टेल बनाम रिटेल में ग्राहकों की प्राथमिकताओं और सीमा पार ई-कॉमर्स में सफल होने की रणनीतियों जैसे कई विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसके साथ कई अन्य सत्र भी आयोजित किए गए। चर्चाओं के अलावा, विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा पांच अन्य सत्र और कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।




- अंतरराष्ट्रीय व घरेलू खरीदार, खुदरा विक्रेता, उद्योग प्रतिनिधि हैं शामिल

## दो सगे भाइयों पर उधारी के रुपए मांगने पर हमला करने का आरोप

**दनकौर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में उधारी के रुपए मांगने पर एक व्यक्ति पर दो सगे भाइयों ने जानलेवा हमला कर दिया।

इस घटना में पीड़ित घायल हो गया। जिसने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। पीड़ित यशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में करीब 6 वर्ष पहले उनके गांव के रहने वाले सागर और उसके भाई अरुण ने उनसे 50 हजार रुपए उधार लिए थे। कई बार पीड़ित ने उनसे रुपये देने की मांग की गई थी। लेकिन आरोपी देने में आनाकानी कर देते थे। पीड़ित का कहना है कि करीब 2 दिन पहले उसने आरोपियों से अपने रुपए मांगे। जिसको लेकर आरोपियों से उसकी कहासुनी भी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि शनिवार को उनके गांव के एक व्यक्ति के यहां शादी समारोह था। जिसमें शामिल होने के लिए पीड़ित गए थे। जहां दोनों आरोपी भाइयों ने पंडाल के अंदर ही पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में आसपास के लोगों ने आरोपियों के चंगुल से पीड़ित को बचाया। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार लिया गया है।

# देश विदेश

## अमेरिका में गोलीबारी से दो की मौत, 6 घायल

**मेम्फिस,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के टेनेसी राज्य के मेम्फिस शहर में एक पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य छह घायल हो गए। मेम्फिस पुलिस विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा कि स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 7:19 बजे अधिकारियों ने कार्नेस एवेन्यू के 2400 ब्लॉक में हुई गोलीबारी पर प्रतिक्रिया दी। अधिकारियों ने घटनास्थल पर गोलियों के घावों से पीड़ित पांच लोगों की पहचान की।

# परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं पुतिन : यूलिया नवालनी

**जर्मनी,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी रहे विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की विधवा यूलिया नवालनी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह कभी भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यूलिया नवालनी ने डीपीए से कहा कि हम नहीं जानते कि उनसे क्या उम्मीद करें। लेकिन वह ऐसा कर सकते हैं। यूलिया नवालनी ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पुतिन यूक्रेन पर हमला करेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा किया। वह लोगों को डरा कर रखना चाहते हैं। कोई नहीं



**हम नहीं जानते कि उनसे क्या उम्मीद करें। लेकिन वह ऐसा कर सकते हैं : यूलिया नवालनी**

जानता कि पुतिन आगे क्या करने जा रहे हैं।

2014 में क्रीमिया पर अवैध कब्ज़ा करने के बाद पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया। यूलिया नवालनी ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि पुतिन के पास वास्तव में कोई मजबूत रणनीति है।

## यूक्रेन को अमेरिकी सहायता से बढ़ेगी हताहतों की संख्या : फिलिप्पोट

**पेरिस।** फ्रांस में पैट्रियट्स पार्टी के नेता फ्लोरियन फिलिप्पोट ने रविवार को कहा कि यूक्रेन को लगभग 61 अरब डॉलर की अमेरिकी सैन्य सहायता की एक और खेप से रूस-यूक्रेन संघर्ष का रुख नहीं बदलेगा और इससे सिर्फ हताहत की संख्या बढ़ेगी। गौरतलब है कि शनिवार को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा ने एक विधेयक पारित किया, जो यूक्रेन से संबंधित सहायता में 60.84 अरब डॉलर के पैकेज का रास्ता खोलेगा। यूक्रेन सुरक्षा पूरक विनियोग अधिनियम एक परहेज के साथ 311-112 मतों से पारित किया गया। फिलिप्पोट ने एक्स पर कहा कि यह वोट कुछ भी नहीं बदलेगा, इससे केवल और अधिक लोग हताहत होंगे। यह इस युद्ध से लाभ कमाने वाले वित्तीय शिकारियों के हितों की पूर्ति के लिए है।

## यूक्रेन के लिए रक्षा सहायता पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा ने अंततः रूस के आक्रमण से निपटने में मदद के लिए यूक्रेन को अरबों डॉलर की नयी अमेरिकी सैन्य सहायता को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस में काफी समय से इसका विरोध हो रहा था और 61 अरब डॉलर इस पैकेज प्राप्त करने के लिए द्विदलीय समझौते की आवश्यकता थी। रिपब्लिकन ने कहा कि इस पैकेज का एक तिहाई से अधिक हिस्सा हथियार और गोला-बारूद को फिर से भरने के लिए समर्पित होगा। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने अमेरिकी समर्थन को महत्वपूर्ण बताया है।

## मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से 58 लोगों की मौत

**बांगुई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां।) मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) में नाव पलटने से कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई। नाव खचाखच भरी हुई थी और उसमें सवार लोग किसी के अंतिम संस्कार में जा रहे थे। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा के प्रमुख थॉमस जिमासे ने दी।

यह दुर्घटना शुक्रवार को सीएआर की राजधानी बांगुई के पास मपोको नदी पर हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 मीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी नाव में 300 से ज्यादा लोग सवार थे, जो एक ग्राम प्रधान के अंतिम संस्कार में



शामिल होने जा रहे थे। नाव के पलटने का कारण क्षमता से अधिक लोगों का नाव पर सवार होना बताया गया है। जिमासे ने शनिवार को स्थानीय रेडियो स्टेशन गुइरा से कहा कि हम अबतक 58 शवों को निकालने में सफल रहे हैं और हमें अभी तक पानी में डूबे कुल लोगों की संख्या नहीं पता है। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान जारी है।

## रायसी करेंगे पाकिस्तान का दौरा

**इस्लामाबाद,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी 22 से 24 अप्रैल तक पाकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रायसी की पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आयेगा, जिसमें ईरानी विदेश मंत्री और कैबिनेट के अन्य सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे।

## सुडोकू 6532

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 22 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## धोखाधड़ी में शामिल 680 से अधिक संदिग्धों को कंबोडिया से चीन लाया

**बीजिंग,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय से रविवार को मिली ख़बर के अनुसार, आज सुबह जुआ और धोखाधड़ी में शामिल 135 चीनी संदिग्धों को चीनी सार्वजनिक सुरक्षा विभाग कंबोडिया से चीन वापस लेकर आए हैं।



हाल के वर्षों में सीमा पार जुआ और दूरसंचार और नेटवर्क धोखाधड़ी जैसे अवैध अपराधों के जवाब में चीनी सार्वजनिक सुरक्षा विभागों ने अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन सहयोग को गहरा किया, बड़ी संख्या में सीमा पार आपराधिक गिरोहों को नष्ट कर दिया है और अनेक अपराधियों को पकड़ लिया।

इस वर्ष चीन के सार्वजनिक सुरक्षा विभागों ने जुआ धोखाधड़ी में शामिल हजारों संदिग्धों को म्यांमार, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य देशों से चीन वापस पहुंचाया है। चीनी और कंबोडियाई पुलिस ने हाल ही में जुआ धोखाधड़ी से संबंधित अवैध अपराधों पर संयुक्त अभियान चलाया और आपराधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हू पेई सार्वजनिक सुरक्षा विभाग 12 अप्रैल से कई चार्टर्ड उड़ानों से संबंधित कर्मियों को बैचों में चीन वापस ले गया।

# इजरायली हिंसा के विरोध में वेस्ट बैंक में हड़ताल

**यरूशलेम,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। तुल्कर्म और गाजा पट्टी के शरणार्थी शिविरों में इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों की हत्या के विरोध में वेस्ट बैंक में रविवार को हड़ताल है। हड़ताल का आह्वान अन्य समूहों के अलावा फ़तह आंदोलन ने भी किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह रामल्लाह की सड़कों पर बहुत कम गाड़ियां दिखी और दुकानें बंद हैं। इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन में रविवार सुबह इजरायली सैनिकों ने दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी। फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसे इजरायल के अधिकारियों ने ही मौत की सूचना दी। इजरायली सेना के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने पहले एक चेकपॉइंट पर इजरायली सैनिकों पर हमला किया था। 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में



इजरायल और उग्रवादी फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में स्थिति काफी खराब हो गई है। अकेले वेस्ट बैंक में ही 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, उनमें से अधिकांश की मौत इजरायली हमलों में हुई। उधर गाजा में पिछले छह महीनों में 33,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई हजार से अधिक घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने शनिवार शाम वेस्ट बैंक में एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। सेना के मुताबिक उसने कम से कम 10 बंदूकधारियों को मार गिराया। तुल्कर्म में नूर शम्स रिफ्यूजी कैंप में लड़ाई में इजरायली सुरक्षा बल के नौ सदस्य घायल हो गए।

## नेतन्याहू ने की प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी योजना की निंदा

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की नेतजाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लाने के अमेरिकी सरकार की योजना की निंदा की है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध आईडीएफ बटालियन के सैनिकों द्वारा वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ किए गए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के लिए है। ऐसी खबरें हैं कि बाइडेन प्रशासन आईडीएफ के इलीट बटालियन को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तैयार है। मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। इजरायली प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमारे सैनिक आतंकियों से लड़ रहे हैं, और आईडीएफ इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकेपन की पराकाष्ठा है।

# हजारों इजराइलियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**तेल अवीव,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल में हजारों लोग गाजा में बंधक बनाए गए सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और नए चुनावों की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तेल अवीव में शनिवार शाम को एक सामूहिक रैली में लोगों ने जोर-शोर से फिलिस्तीनी तटीय क्षेत्र में इजराइल से अगवा किए गए सभी लोगों की तत्काल रिहाई के साथ-साथ नए चुनावों की मांग की।



**प्रदर्शनकारियों ने बेंजामिन नेतन्याहू पर लगाया आरोप**

प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर इशारा करते हुए कहा कि जिन्होंने उन्हें त्याग दिया है उसे उन्हें घर लाना होगा। अपहृत लोगों के परिजनों ने इजराइली सरकार पर फिलिस्तीनी इस्लामी संगठन हमास के साथ समझौते पर पहुंचने में कोई गंभीर रुचि नहीं होने का आरोप लगाया है।

इजरायल और हमास महीनों से युद्धविराम और 7 अक्टूबर को अगवा किए गए अन्य बंधकों की रिहाई के बारे में अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल कोई सफलता नजर नहीं आ रही है। शनिवार शाम को तटीय शहरों तेल अवीव और हाइफा में हजारों लोगों ने और बेर्शेबा शहर में सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कथित तौर पर कैसरिया में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक निजी विला के पास एक हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे।


## दो जापानी सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, एक सदस्य की मौत व सात लापता

**टोक्यो,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दो जापानी मिलिट्री हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दो हेलीकॉप्टरों में आठ चालक दल के सदस्य सवार थे। जापानी मीडिया के अनुसार, रक्षा मंत्री किहारा माइनोरू ने रविवार को बताया कि एक सदस्य को बचा लिया गया, लेकिन बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। चालक दल के सात अन्य सदस्य लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। मंत्रालय ने कहा कि पनडुब्बियों का मुकाबला करने के अभ्यास के दौरान शनिवार देर रात दो एसएच-60के हेलीकॉप्टरों से संपर्क टूट गया।



मंत्रालय ने इस संभावना से इंकार नहीं किया कि दो विमान प्रशांत महासागर में टोक्यो के दक्षिण में इज़ू द्वीप समूह के पूर्व में एक क्षेत्र में हवा में टकरा गए होंगे।

## वर्ग पहेली 6532



**बाये से दायें:-**

१. नथूना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा , उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. संग्रहित करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्यातिप्राप्त करना मुहावरा
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6531



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1500 – पुर्तगाली नाविक पेड्रो ब्रलवेर कैब्राल ने ब्राज़ील की खोज की।
1521 – फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंकाइस प्रथम ने स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की।
1792 – अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने यूरोप के युद्ध में तटस्थता की घोषणा की।
1870 – रूस के मार्क्सवादी विचारक व्लादिमीर लेनिन का जन्म।
1884 – थॉमस स्टीवंस ने दुनिया भर में पहली बाइक यात्रा शुरू की।
1898 – अमेरिकी राष्ट्रपति मैककिनले ने क्यूबा बंदरगाहों की नाकेबंदी का आदेश दिया।
1906 – यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1915 – प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस क्लोरीन का प्रयोग किया।
1921 – नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।
1931 – मिस्र और इराक के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर हुआ।
1954 – तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ।
1958 – एडमिरल आर डी कटारी भारतीय नौसेना के पहले प्रमुख बने।
1967 – यूएसएसआर में मार्शल लॉ लागू किया गया।
1969 – प्रथम मानव नेत्र का प्रत्यारोपण किया गया।
1970 – दुनिया में पहली बार अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1983 – अंतरिक्ष यान सोयुज टी-8 पृथ्वी पर लौटा।
1992 – मेक्सिको में सीवर गैस विस्फोट से लगभग 200 लोगों की मौत।
1997 – अल्जीरिया में हौशे खेमसी नरसंहार में 93 ग्रामीणों की हत्या।
2004 – उत्तर कोरिया में दो ईंधन गाड़ियों की टक्कर में 150 लोगों की मौत।
2005 – इंडोनेशिया के बांडुंग में दूसरा एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन की शुरुआत हुई।
2008 – रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लुडविग नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**सहायता** | बांग्लादेश में जलवायु-अनुकूल जल प्रबंधन के लिए 7.1 करोड़ अमेरिकी डालर देगा एडीबी

# बांग्लादेश को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद

**ढाका,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। एडीबी और बंगलादेश सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अनुकूलन और अपनी तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए गोपालगंज और मदारीपुर जिलों में ग्रामीण समुदायों में बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और जल संसाधन प्रबंधन में सुधार के वास्ते 7.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आर्थिक संबंध प्रभाग के सचिव मोहम्मद शहरयार कादर सिद्दीकी और बंगलादेश में एडीबी के निदेशक एडिमन गिंटिंग ने ढाका में एक समारोह में ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**■ बांग्लादेश व एडीबी ने किए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर**

गिंटिंग ने कहा कि यह परियोजना बेहतर बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से बांग्लादेश को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मदद करने की एडीबी की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस क्षेत्र में हमारी पिछली सफल परियोजनाओं के आधार पर, नई परियोजना आर्थिक विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देगी, विशेष रूप से महिलाओं और कमजोर समूहों के लिए आय और स्थायी आजीविका बढ़ाएगी और दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश के ग्रामीण इलाकों में गरीबी कम करेगी।

जल संसाधन प्रबंधन के लिए जलवायु-अनुकूल एकीकृत दक्षिण-पश्चिम परियोजना से



600,000 से अधिक लोगों को लाभ होने, जलवायु-अनुकूल बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी और सिंचाई उपायों को शुरू करने और खारे पानी के मीठे पानी के स्रोतों में मिलने को कम किए जाने की उम्मीद है। यह परियोजना एकीकृत जल प्रबंधन योजनाओं को विकसित करेगी और बढ़ाएगी तथा जल प्रबंधन संगठनों और अन्य सामुदायिक बुनियादी ढांचे के लिए प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण करेगी। यह स्थानीय स्वामित्व को बढ़ावा देने और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए सहभागी जल संसाधन प्रबंधन को भी बढ़ावा देगी।

## नेपाल के मनासलु में भारी हिमस्खलन

**काठमांडू।** नेपाल के मानसलू पर्वत पर रविवार को हिमस्खलन हुआ। बर्फ बीरेंद्र झील के पास आ गया। इससे झील में उफान पर आ गया और पानी नीचे बूढ़ीगंडकी नदी में बहने लगा। द हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी में संभावित बाढ़ पर चिंता जताई है। पुलिस ने बताया कि दुनिया की आठवीं सबसे ऊंची चोटी मनासलु में हिमस्खलन की जानकारी मिलने के बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया। तत्काल किसी और नुकसान का खतरा नहीं है। हादसे में लकड़ी का एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

## दुनिया को जानें

### वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों में कार्बन-14 आइसोटोप का किया उत्पादन

**बीजिंग,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रीय परमाणु निगम ने कहा है कि देश ने पहली बार परमाणु ऊर्जा के वाणिज्यिक रिएक्टर में कार्बन-14 आइसोटोप का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया है। निगम से मिली खबर के अनुसार, शनिवार 20 अप्रैल को छिनशान परमाणु ऊर्जा भारी जल रिएक्टर इकाई में कार्बन-14 उत्पादन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया। इससे पहले चीन की कार्बन-14 आइसोटोप आपूर्ति लगभग पूरी तरह से आयात पर निर्भर थी। छिनशान परमाणु ऊर्जा के संबंधित प्रभारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसके बाद हम हर वर्ष लगभग 150 क्यूरी कार्बन-14 आइसोटोप का उत्पादन करने में सक्षम होंगे। यह चीन के बाजार की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

कार्बन-14 दरअसल कार्बन का एक रेडियोधर्मी समस्थानिक है। बेहद कम मात्रा में कार्बन-14 का व्यापक रूप से कृषि, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, जीव विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में उपयोग किया जाता है। इसका उच्च चिकित्सीय मूल्य और वैज्ञानिक अनुसंधान मूल्य है।

# प्रादेशिकी

## बुरांस के फूलों से सराबोर कुफरी घाटी का आनंद ले रहे पर्यटक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जुब्बल क्षेत्र की मुदाघाट, छलंदा, कोटी और कुफरी घाटियां इन दिनों बुरांस के फूलों से सराबोर हैं जिसका इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटक भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। गौरतलब है कि इस फूल का वैज्ञानिक नाम रोडोडेंड्रोन है। इसके पेड़ों पर मार्च और अप्रैल में लाल और गुलाबी फूल खिलते हैं। यह पौधा ठंडे स्थानों पर जहां तापमान 12 डिग्री सेल्सियस हो तथा ढलान वाले स्थानों पर उगता है। इसमें ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती। बुरांस समुद्र तल से 1500 से 3600 मीटर की मध्यम ऊंचाई पर पाया जाने वाला एक पेड़ है। इस पेड़ की पत्तियां दिखने में मोटी और फूल बेल के समान होते हैं। यह पेड़ जंगलों में अपने आप उग जाता है और इसकी देखभाल करने की भी जरूरत नहीं पड़ती।

# मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण करना चाहती है जनता : भट्ट

## मतदाताओं का महापर्व में सहभागिता के लिए पार्टी की तरफ से आभार जताया

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)8 भाजपा ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को दिल खोल कर मतदान के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कुल मतदान का 75 फीसदी हमारे पक्ष में है, लेकिन विपक्ष के हार मानने से राज्य में प्रतिस्पर्धा का अभाव रहा, जिसने वोटिंग टर्न आऊट को प्रभावित किया है। चुनाव के उपरांत पहली बार पार्टी मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री भट्ट ने सभी सम्मानित मतदाताओं का लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए पार्टी की तरफ से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, जिस तरह का फीड बैक मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि देवभूमि ने दिल खोल कर मोदी जी के लिए मतदान किया है। हमेशा सक्रिय रहने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख तथा शक्ति केंद्रों ने बेहतर कार्य करते हुए मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओ की क्षमता पर गर्व महसूस करते हुए कहा, सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने दिये गए दायित्व का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया। समय समय पर आयोजित विकास योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रमों की भाँति आखिरी तक कार्यकर्ता जुटे रहे और यह उनके समर्पण को साबित करता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, जनता मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण चाहती है जिसका उत्साह उन्होंने मतदान में दिखाया। जनता ने मोदी जी के 10 वर्षों के रिपोर्ट कार्ड पर डिक्टेंसन नंबर देकर अपनी मुहर लगाई है। सभी धर्मों, वर्गों, जातियों एवम सर्वसमाज का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिला। मातृ शक्ति, युवा, किसान और गरीब, इस प्रदेश की चारों जातियों ने मोदी के पक्ष में अपना मत दिया है भट्ट ने वोटिंग प्रतिशत को लेकर उम्मीद जताई कि अंतिम आंकड़े आने तक 2019 के मुकाबले मतदान का अंतर लगभग 2 फीसदी रहने वाला है। लेकिन हमे भरोसा है कि पार्टी अपने लक्ष्य के अनुशार कुल मतदान का 75 हिस्सा अवश्य प्राप्त करने में सफल होगी। उन्होंने दावा किया कि 4 जून को मोदी की 400 पार की माला में 5 कमल उत्तराखंड से गूंथे जाना तय हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हम अपने समर्थकों को मतदान कराने में सफल हुए हैं।

■ मेहनत रंग लाई, हारी हुई 23 विधानसभा सीटों में मत प्रतिशत बढ़ा




### प्रतिस्पर्धा के अभाव में विपक्षी समर्थकों ने बनाई पोलिंग से दूरी

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस के चुनाव से पहले ही हार मानने के कारण उत्तराखंड में प्रतिस्पर्धा का अभाव दिखाई दिया। यही वजह है, लोग वोटिंग के लिए थोड़ा कम निकले, उसमे अधिकांश कांग्रेस और विपक्ष से जुड़े लोग थे। बड़ी संख्या में विपक्ष के बस्ते भी पोलिंग बूथों पर लग भी नही पाए। केंद्र और प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के पहले ही हार स्वीकारने से, उनके समर्थकों ने निराश होकर पोलिंग स्टेशन तक जाने की जहमत नहीं उठाई। लिहाजा कम मतदान का सबसे बड़ा कारण कांग्रेस समर्थकों की उदासीनता रही है, भाजपा अपने समर्थकों को पोलिंग स्टेशन तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। क्योंकि हम लगातार लोगों के बीच विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मौजूद रहते हैं, हमने वोटरों की ए, बी, सी ग्रेडिंग कर उन्हे वोटिंग के लिए प्रेरित किया।

### पार्टियों के साथ चुनाव आयोग को भी नए उपायों पर करना होगा विचार

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इस दौरान उन्होंने भविष्य में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के साथ सभी पार्टियों को भी प्रयास करना चाहिए। हमे मतदातों में जनजागरण के अतिरिक्त वोटिंग बढ़ाने के लिए नए उपायों पर भी विचार करना आवश्यक है।

### चुनाव बहिष्कार का सीएम ने लिया संज्ञान

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इस दौरान कुछ गांवों में मतदान के बहिष्कार को लेकर स्पष्ट किया कि वोट नही देना किसी समस्या समाधान नहीं है। क्योंकि इनमें अधिकांश जगह पर्यावरण, कानूनी एवं जियोग्राफिक एवं तकनीकी कारणों से सड़क एवं विकास कार्यों में गतिरोध आया है। जिसका संज्ञान मुख्यमंत्री जी ने के लिया है और शीघ्र ही उनका समाधान किया जाएगा।

# कांग्रेस नेता हरक रावत की बहू अनुकृति गुसाईं भाजपा में शामिल

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं भी बीजेपी में शामिल हो गई हैं। हाल ही में अनुकृति ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वोटिंग से ठीक पहले अनुकृति ने एक वीडियो जारी कर अनिल बूलनी के पक्ष में वोट करने की अपील की थी। जिसके बाद अनुकृति के बीजेपी में शामिल होने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया था। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अनुकृति गुसाईं, उधम सिंह नगर से जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति सुरेश गंगवार को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करने वाले लोगों को पार्टी में सदस्यता दिलवाई गई है। जहां तक बात किसी जांच की है तो वो कानूनी प्रक्रिया है और कानून इस पर अपना काम करेगा। भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने के बाद अनुकृति गुसाईं ने कहा कि वो बीजेपी परिवार में शामिल हो रही है। विकसित उत्तराखंड का जो सपना उन्होंने देखा था, उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही इस सपने को पूरा किया जा सकता है।

अनुकृति गुसाईं भाजपा में होने पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी आई है। कांग्रेस ने कहा जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत की बात करती थी, वो आज कांग्रेस युक्त होती जा रही है। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा पार्टी छोड़कर जा रहे नेताओं से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी साम दाम दंड भेद अपनाकर कांग्रेस के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। इससे कांग्रेस पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा जो नेता कांग्रेस पार्टी छोड़कर जा रहे हैं उन्हें अपने व्यक्तिगत हित साधने हैं। समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता कभी कांग्रेस नहीं छोड़ने वाला है। नवीन जोशी ने कहा कांग्रेस समुद्र के समान है, ऐसे में कुछ लोग अगर पार्टी छोड़कर जा रहे हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।



भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करने वाले लोगों को पार्टी में सदस्यता दिलवाई गई है। जहां तक बात किसी जांच की है तो वो कानूनी प्रक्रिया है और कानून इस पर अपना काम करेगा : महेंद्र भट्ट, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## सार संक्षेप

### चुनाव संपन्न होने के बाद तेज हुई केदारनाथ यात्रा तैयारी

**देहरादून।** केदारनाथ यात्रा की तैयारी इन दिनों जोर शोर से शुरू हो गई है। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने के बाद घोड़े खच्चरों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। वही दूसरी ओर केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए इन दिनों भारी संख्या में यात्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। यात्रा पर आने के लिए रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। जबकि हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग भी जून माह तक फुल हो गई है। ऐसे में उम्मीद है की इस बार भी यात्रा पर रिकॉर्ड तोड यात्री आयेंगे। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद चार धाम यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम तक पैदल मार्ग खुल गया है। इन दिनों घोड़े खच्चरों से धाम तक आवश्यक सामग्री और पुनर्निर्माण का सामान ढोया जा रहा है। धाम में शीघ्र ही अब द्वितीय चरण के पुनर्निर्माण कार्य भी शुरू होने वाले हैं। धाम में पिछले दिसंबर माह से कार्य बंद पड़े हुए हैं। वहीं इन दिनों भारी संख्या में यात्रा पर आने के लिए यात्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। जबकि हेली सेवा के टिकट भी जून माह तक फुल हो चुके हैं। उम्मीद है की इस बार भी 8 से 9 हेली सेवाएं गुप्तकाशी, फाटा, शेरशी, बड़ासु आदि स्थानों से केदारनाथ के लिए उड़ाने भरेगी।

### अहमदाबाद ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग

**रुड़की।** हरिद्वार के रुड़की स्थित इकबालपुर गांव में अहमदाबाद से ऋषिकेश जा रही अहमदाबाद ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में अचानक आग लग गई। कोच में आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। हादसे में करीब एक घंटे बाद ट्रेन को ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक, अहमदाबाद-ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस ट्रेन अहमदाबाद से ऋषिकेश की ओर जा रही थी, तभी रुड़की आरटी सेंटर से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 19031 अहमदाबाद ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस ट्रेन में इकबालपुर रेलवे स्टेशन के पास ब्रेक लगाने के दौरान आग लग गई। ट्रेन के कोच में आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, सूचना मिलने के बाद चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रीति करनवाल पुलिस बल के साथ इकबालपुर रेलवे स्टेशन पहुंचीं। जीआरपी थाना लक्सर के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कोच के निचले हिस्से में आग लग गई थी।

### सुडोकू 6532 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# मात्र सवा साल में 'गुड गवर्नेंस' की मिसाल बनी सुक्खू सरकार : धर्माणी

## इंतकाल के 1.05 लाख व तकसीम के सात हजार से अधिक लंबित मामले निपटाए

**शिमला,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार मात्र सवा साल के कार्यकाल में 'गुड गवर्नेंस' की मिसाल बनी है। उन्होंने कहा कि राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लंबित मामलों को निपटाने में राज्य सरकार को अभूतपूर्व सफलता मिली है। आम लोगों को राहत प्रदान करते हुए फ़रवरी 2014 तक इस विशेष मुहिम के तहत इंतकाल के 1.05 लाख से अधिक तथा तकसीम के सात हजार मामलों का निपटारा किया गया है। यह आँकड़े अपने आप में राजस्व लोक अदालतों के आयोजन की सफलता साबित कर रहे हैं।

धर्माणी ने कहा कि राजस्व लोक अदालतों के आयोजन की राज्य सरकार की पहल का आज हिमाचल प्रदेश की जनता खुले दिल से स्वागत कर रही है और इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को धन्यवाद दे रही है। हिमाचल में कहा जाता था कि राजस्व मामले पीढ़ियों तक भुगतने पड़ते हैं लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इन कहावतों को बदल दिया है, जिसके लिए राजस्व क़ानूनों में संशोधन किया गया, ताकि राजस्व मामलों के निपटारे में तेज़ी लाई लाए जा सके और लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि वर्षों तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की इस पीड़ा को किसी सरकार ने नहीं समझा और न ही उनके दर्द को दूर करने के लिए प्रयास किए, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार का एकमात्र उद्देश्य जन सेवा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा, विशेष रुप से उस वर्ग की सेवा करने की है, जिस पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। राजेश धर्माणी ने कहा कि मात्र सवा साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उन तबकों की आवाज़ बनाने का प्रयास किया है, जिसके बारे में किसी सरकार ने कभी विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों में जन सेवा की भावना साफ़ झलकती है। वर्तमान राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना आरंभ की, महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रदान की। यही नहीं, विधवा और एकल नारियों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवाओं के 27 साल तक के बच्चों की शिक्षा पर होने वाला खर्च प्रदेश सरकार वहन कर रही है। विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा और अक्षम माता-पिता के सभी पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक एक हज़ार रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमन्त्री विधवा एवम् एकल नारी आवास योजना के तहत गृह निर्माण की राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये की जाएगी। उन्होंने कहा कि सवा साल के छोटे से कार्यकाल के भीतर वर्तमान राज्य सरकार ने न सिर्फ दस में से पांच गारंटियों को पूरा किया है, बल्कि इससे आगे बढ़कर काम कर जन कल्याण का नया अध्याय लिखा है।



राजस्व लोक अदालतों के आयोजन की राज्य सरकार की पहल का आज हिमाचल प्रदेश की जनता खुले दिल से स्वागत कर रही है : धर्माणी

# हिमाचल के सेब बागबानों को बर्बाद करने पर तुली केंद्र सरकार : भंडारी

**हिमाचल,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा है कि केंद्र सरकार निरंतर आयात शुल्क में कमी कर हिमाचल प्रदेश के सेब बाग़बानों को बर्बाद करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि आयात शुल्क घटने से विदेश सेब का आयात बढ़ रहा है, जिससे हिमाचली सेब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सेब की आर्थिक 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा की है और लाखों परिवार इस कारोबार से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े हैं। किसान लगातार आयात शुल्क को 100 फ़ीसदी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इसे लगातार घटा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने कहा कि सस्ते विदेशी सेब के कारण इस बार कोल्ड स्टोर में सेब रखने वाले बाग़वानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी सेब के कारण कोल्ड स्टोर का इस्तेमाल करने वाले बागवानों को 800-1200 रुपए प्रति पेटी का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, ईरान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड, चिली, ब्राजील जैसे देशों से सेब आयात बढ़ रहा है। दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र होने से बिना शुल्क चुकाए अफगानिस्तान के रास्ते ईरानी सेब भारत पहुंच रहा है। ऐसे में कम लागत में ईरानी सेब के भारत पहुंचने से हिमाचली सेब नहीं टिक पा रहा है और अच्छे दाम नहीं मिल पाते। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो इससे हिमाचल की सेब अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो जाएगी और इस कारोबार से जुड़े लाखों लोग बर्बाद हो जाएँगे। निगम भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने और सभी प्रकार के कोल्ड ड्रिंक्स में 5 प्रतिशत सेब का कंस्ट्रेट मिलाने का वादा किया था। लेकिन, केन्द्र सरकार ने इसके विपरीत विदेशी सेब पर आयात शुल्क घटाया है, जिससे हिमाचल के सेब की मांग कम हो रही है और बागवानों को नुक्सान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर पर इसे धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा है, बल्कि उल्टे विदेशी सेब को प्रमोट कर हिमाचली सेब बाग़बानों की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है।



# त्रियुगीनारायण मंदिर में देश के अनेक हिस्सों से ले रहे लोग सात फेरे

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रसिद्ध शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण मंदिर वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपनी अलग पहचान बनाता जा रहा है। इन दिनों अधिकांश लोग वैदिक रीति रिवाजों के अनुसार यहां अपना विवाह संपन्न करवा रहे हैं। बैसाखी के दिन यहां लगभग 14 शादियां संपन्न हुई थी और लगातार यहां शादियां होती जा रही हैं। उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश के अनेक हिस्सों से लोग यहां विवाह संपन्न करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के त्रियुगी गांव में भगवान नारायण का मंदिर स्थित है। मान्यता है की इस मंदिर में बने हवन कुंड में भगवान शिव और मां पार्वती ने साथ फेरे लिए थे। जिस कुंड में भगवान शिव और मां पार्वती ने फेरे लिए थे, उस कुंड में तब से लगातार आग जलती चली आ रही है। यही कारण है की लोग अब भगवान शिव और मां पार्वती को साक्षी मानकर यहां अपना विवाह संपन्न करवा रहे हैं। अब देश के अनेक हिस्सों से लोग यहां विवाह संपन्न करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। त्रियुगी गांव के लोगों और स्थानीय तीर्थ पुरोहित समाज के प्रयासों से आज त्रियुगीनारायण मंदिर की अलग पहचान बन चुकी है।

# गर्मी का सीजन शुरू होते ही गुलजार हुआ लच्छीवाला नेचर पार्क

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में गर्मी का असर दिखने लगा है। पर्यटक बड़ी संख्या में डोईवाला के लच्छीवाला स्थित नेचर पार्क का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों के नेचर पार्क में पहुंचने से वन विभाग को भी रोजाना लाखों रुपये के राजस्व की प्राप्ति हो रही है। पर्यटक भी प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। स्वच्छ पानी में डुबकी लगाकर तपिश को मिटा रहे हैं। वन विभाग भी पर्यटकों के भारी संख्या में लच्छीवाला नेचर पार्क में पहुंचने पर खुश दिखाई दे रहा है। बता दें लच्छीवाला नेचर पार्क प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा हुआ है। चारों तरफ घने जंगल नेचर पार्क की खूबसूरती को चार चांद लगाते हैं। लच्छीवाला नेचर पार्क में छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध जनों के लिए मनोरंजन के साथ ज्ञान वर्धन की व्यवस्था की गई है। नेचर पार्क दिल्ली और मैसूर की तर्ज पर डिजाइन किया गया है। पार्क प्रभारी अंकित ने बताया गर्मी तेज होते ही लच्छीवाला नेचर पार्क में पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। इस बार पर्यटकों के लिए अलग से गर्मी की तपिस मिटाने के लिए बच्चों और वयस्कों के लिए अलग-अलग पानी के टैंक बनाए गए हैं। इस बार पर्यटक ट्यूब का भी आनंद ले सकेंगे। पार्क के अंदर वोटिंग की व्यवस्था भी की गई है। कुछ समय बाद म्यूजिक फाउंटेन भी पर्यटकों को आनंदित करेगा। रेंज अधिकारी घनानंद उनियाल ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का यह ड्रीम प्रोजेक्ट था। लच्छीवाला नेचर पार्क को दिल्ली और मैसूर में स्थित पार्क के रूप में विकसित किया गया है। यहां छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध जनों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे यहां आने वाले पर्यटकों का ज्ञान वर्धन भी करते हैं। लच्छीवाला नेचर पार्क से विभाग को राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है।

देश भर से उमड़ी पर्यटकों की भीड़



# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे चोपता के ग्रामीण

## चोपता-तल्लानागपुर पेयजल योजना के रख-रखाव पर लाखों खर्च, फिर भी जनता प्यासी

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। तल्लानागपुर पट्टी के चोपता क्षेत्र में पेयजल को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया है। यहां हर साल गर्मी बढ़ते ही पानी की बूंद-बूंद के लिए ग्रामीणों को मोहताज होना पड़ता है। लम्बे समय से ग्रामीण जनता पानी की समस्या को दूर करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान करने के बजाय टैंकरों से प्यास बुझाई जा रही है।

एक ओर जिले में बारिश नहीं होने से प्राकृतिक स्त्रोत सूखने के कगार पर हैं, वहीं पानी की समस्या से जूझ रहे गांवों में हाहाकार मचना शुरू हो गया है। तल्लानागपुर पट्टी के चोपता बाजार सहित अन्य इलाकों में पेयजल संकट गहराने से व्यापारियों का व्यापार व ग्रामीणों की दिनचर्या खासी प्रभावित होने लगी है। व्यापारियों व ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणों के साथ ही मवेशियों को भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण ग्रामीणों का पशुपालन व्यवसाय से धीरे-धीरे मोहभंग होने लगा है। तल्लानागपुर के विभिन्न गांवों को पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए 80 के दशक में कई करोड़ों रुपये की लागत से तुंगनाथ-चोपता-तल्लानागपुर पेयजल योजना का निर्माण किया गया था, मगर पेयजल योजना के निर्माण में लाखों रुपये का वारा-न्यारा होने से पेयजल योजना दशकों से विवादों में है। जल निगम व जल संस्थान पेयजल योजना के रख-रखाव व मरम्मत पर प्रति वर्ष लाखों रुपये खर्च कर रहा है, बावजूद इसके पेयजल संकट की समस्या बनी हुई है। जल संस्थान विभाग की ओर से चोपता में दो टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, मगर आबादी की तुलना में टैंकरों की क्षमता कम होने से ग्रामीण परेशान हैं। स्थानीय व्यापारी दिनेश नेगी ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के लिए स्वीकृत धनराशि की बंदरबांट होने से ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता पंचम सिंह नेगी ने बताया कि टैंकरों की सप्लाई का समय व तिथि निर्धारित न होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कहा कि यदि समय रहते पेयजल समस्या से निजात नहीं दिलाई गई तो व्यापारियों व ग्रामीणों को आन्दोलन व चक्काजाम के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कुंडा निवासी उर्मिला देवी व सुलोचना देवी ने बताया कि डेढ़ माह से क्षेत्र में भारी पेयजल संकट बना है। सरकार व प्रशासन मौन बैठा है। ऐसे में आन्दोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

■ ग्रामीणों के साथ ही मवेशियों को भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा



पानी का टैंकर आने पर दौड़ रहे ग्रामीण

# प्रादेशिकी

## शादी का झांसा देकर चौकी इंचार्ज ने बनाएं संबध, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद के एक थानें मे तैनात महिला कांस्टबेल को शादी का झांसा देकर चौकी इंचार्ज ने उसके साथ कई बार संबंध बनाएं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी आवास विकास चौकी इंचार्ज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जनपद आगरा निवासी महिला कांस्टेबल की फर्रुखाबाद के एक थानें मे 9 जनवरी 2022 से तैनाती है। उसी थाने में वर्तमान चौकी प्रभारी आवास विकास दीपक कुमार की भी तैनाती थी। महिला सिपाही ने दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा है की दारोगा दीपक कुमार बीते 13 दिसंबर 2022 से शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहें हैं। दबिश के दौरान दारोगा दीपक उसे नोएडा व राजस्थान लेकर गए और उसका शारीरिक शोषण किया।

# विपक्षी दलों के झूठ को बेनकाब करने का जनता ने उठाया है बीड़ा : योगी

### मुख्यमंत्री ने भाजपा की बड़ी जीत का किया दावा




**लखनऊ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की बड़ी जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक और शानदार जीत के लिए तैयार है। सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के परिणाम भाजपा के पक्ष में होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल देने के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने विपक्षी दलों के झूठ को बेनकाब करने का बीड़ा उठाया है। मतदाता भाजपा और उसके सहयोगियों का समर्थन कर रहे हैं और

**पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूस पर हमला चिंता का विषय : योगी आदित्यनाथ**

सत्तारूढ़ गठबंधन पर अपना भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने गैर भाजपा शासित राज्यों में हुई हिंसा को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। पश्चिम बंगाल और अन्य गैर-भाजपा शासित क्षेत्रों में रामनवमी और होली समारोह के दौरान झड़प जैसी घटनाओं को बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ उत्तेजक कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूस पर हमला चिंता का विषय है और साथ ही यह लोगों को यह संदेश भी देता है कि जो राज्य सरकार शांतिपूर्ण जुलूस की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, वह महिलाओं और नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी देने में असमर्थ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से उन विपक्षी दलों को उचित सबक सिखाने की अपील की जो अपने वोटों से नागरिकों की सुरक्षा से समझौता करते हैं।

**तुष्टीकरण की वजह से सरकारें सही फैसले नहीं ले पाती**

योगी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति ने एक नए तरह के तनाव को जन्म दिया है। तुष्टीकरण की वजह से सरकारें सही फैसले नहीं ले पाती हैं। चुनाव के समय में वेस्ट यूपी में भी कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। योगी ने कहा कि चुनाव का समय है। देश की जनता को यह देखना चाहिए कि कथित तौर पर सेक्युलर पार्टियां धार्मिक मामलों में किस तरह का स्टैंड लेती हैं। लोगों को वोट देते समय भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ की रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जातिवादी और सांप्रदायिक सोच के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने आतंकवादियों को बिरयानी तक परोसी है। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर लोगों की सुरक्षा और विश्वास के साथ खेलने का आरोप लगाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत में जरा सा भी विस्फोट होने पर पाकिस्तान अपनी सफाई देने को तैयार रहता है, लेकिन कांग्रेस के जमाने में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। वे कहते थे कि भगवान राम कभी थे ही नहीं, ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## विद्युत कनेक्शन योजना में पारदर्शिता बरतें अधिकारी : ईशा दुहन

**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में ऊर्जा भवन में वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से झटपट कनेक्शन योजना, निवेश मित्र योजना, आईडीएफ, आरडीएफ, असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प, राजस्व वसूली, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता आदि तकनीकी एवं वाणिज्यिक बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) एवं चिन्हित विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया गया। प्रबन्ध निदेशक ने बैठक में निर्देश दिए कि जनसाधारण को झटपट कनेक्शन योजना एवं निवेश मित्र योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन नया संयोजन शीघ्र निर्गत किया जाए उन्होंने अधिकारियों को झटपट कनेक्शन योजना एवं निवेश मित्र योजना में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने वितरण खण्डों को निर्देश दिए कि कनेक्शन देने में अनावश्यक देरी करने की शिकायतें प्राप्त होने पर गंभीरता से लिया जाएगा एवं दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को झटपट कनेक्शन योजना एवं निवेश मित्र योजना के अन्तर्गत संयोजन प्रदान करने में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिये। वीडियों कान्फ्रेंसिंग में प्रबन्ध निदेशक द्वारा असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प के सम्बन्ध में निर्देश दिए कि सभी विद्युत बिलों की रीडिंग असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया जाये जिससे मीटर रीडिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं को सही रीडिंग के बिल प्राप्त हो सके।

## दलितों को पीटने वाले सपा नेता व परिजनों पर मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद,**21 अप्रैल (देशबन्धु)। दलित परिजनों की पिटाई करने वाले सपा नेता एवं पूर्व सभासद सुरेंद्र सिंह यादव व उनके परिजनों पर केस दर्ज कराया गया है। थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी अनूप पुत्र स्व.महिपाल जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मै 18 अप्रैल को करीब 8.30 बजे शाम अपने घर के बाहर मैजूद था। तभी मोहल्ला बैजनाथ स्ट्रीट निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र सरनाम यादव मेरे ऊपर लाल लाइट जिस पर दिल बना हुआ था मारने लगा। जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया तो पुष्पेन्द्र जातिसूचक गालियां देने लगा। इसी दौरान मोहल्ला बैजनाथ स्टीट निवासी सुरेन्द्र यादव पुत्र विशुन दयाल, जितेन्द्र यादव पुत्र सरनाम तथा सुरेन्ट यादव के मित्र मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी रतन राठौर एवं उसकी पुत्री राधा भी आ गयी। सभी मिल कर मेरे साथ गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। जब मेरी मां रामश्री एव भाई नारद कुमार एवं मेरे भाई रवि की पत्नी गीता मुझे बचाने आई तो दबंगों ने मेरे व मेरे परिवारीजनो के साथ लाठी-डन्डों, लात, घूसों, आदि से मार पीट की। ये लोग मोहल्ले के लोगो द्वारा ललकारने पर धमकी देते हुये भाग गये। जाति सूचक गाली देते हुए कहा कि अगर कही शिकायत की तो जान से मार देगे। हम लोग घायल होने पर लोहिया अस्पताल गए जहां हम लोगो ने इलाज कराया। थोड़ा आराम होने पर थाने आया हूं।

### सपा नेता का तहसील में कब्जा

पीड़ित परिजनों ने बताया कि पूर्व सभासद सुरेंद्र सिंह यादव ने तहसील भवन में कब्जा करके गाये भी पाली हैं। बताया गया की तहसील की हवालात के निकट बने सरकारी भवन पर सुरेंद्र यादव ने वर्षों से कब्जा कर रखा है। दबंग सुरेंद्र इसी कमरे में रहता है उसने कमरे के बाहर छप्पर भी डाल रखा है जिसमें पाली गई कई गाये बांधी जाती है। सुरेंद्र तहसील में दिन भर सरकारी कर्मचारियों की दलाली करता है। यह गोरख धंधा तहसीलदार व तहसील कर्मचारियों के संरक्षण में हो रहा है।

**सार संक्षेप**

### मतदाता पर्ची का शीघ्र वितरण करने के आदेश

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत रविवार को एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एआरओ व सैक्टर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वेब कास्टिंग, वीडियो ग्राफी, माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र पर वोटर एसिस्टेंस बूथ समुचित व्यवस्थाओं के साथ बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एआरओ, सैक्टर जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण

**मेरठ।** जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। आज जिला निर्वाचन अधिकारी ने रत्नदीप जू.हा. स्कूल कासमपुर, पुलिस मॉडर्न स्कूल 6 वाहिनी पीएसी, प्राथमिक विद्यालय रोशनपुर डौरली, कम्पोजिट विद्यालय 6 वाहिनी पीएसी, दयावती मोदी एकेडमी पल्लवपुरम में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर शौचालय, पानी, प्रकाश, बूथ पर शेड व बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने बूथों पर बीएलओ से मतदाता पर्ची के बारे में जानकारी प्राप्त की व मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### वरिष्ठ अधिवक्ता को किया गया सम्मानित


**मवाना।** मवाना तहसील परिसर में बार एसोसिएशन बार हाल में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद मवाना ने वरिष्ठ अधिवक्ता और 70 साल से अधिवक्ता का कार्य कर रहे समाजसेवी नरेन्द्र रस्तोगी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता परिष्द मवाना की मंत्री मुकेश रानी ने बताया कि बार एसोसिएशन हाल में एक आम सभा हुई, जिसमें संस्था के संरक्षक सदस्य, नगर में 70 साल से वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार रस्तोगी को अधिवक्ता परिषद ने शॉल ओढ़ाकर सम्मनित किया और उन्हें एक प्रतीक चिह्न भी दिया। वहां पर राज सिंह एडवोकेट, योगेन्द्र पाल शर्मा, राजबीर सिंह, रघुवंश बंसला, महमपाल सिंह, राकेश कुमार, ललित शर्मा और अजब सिंह मौजूद रहे।

**Notice**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM ANIQUD AHMAD TO ANEEQUE AHMED S/O LAIQUE AHMED R/O 1473 HAPUR ROAD KARIM NAGAR MEERUT FOR AL FUTURE PURPOSES

## शरारती तत्वों ने की पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़

**मवाना/हस्तिनापुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग स्थित उद्यम सिंह चौके के समीप हस्तिनापुर



फिलिंग सेंटर पर रात्रि में शरारती तत्वों द्वारा तोड़फेड़ की गई। तोड़फोड़ का शोर सुन पेट्रोल पंप पर सो रहे कर्मचारियों के जागे पर शरारती तत्व मौके से फरार हो गए। मैनेजर सुनील मित्तल ने देर रात शरारती तत्वों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। मैनेजर सुनील मित्तल ने बताया कि चार अज्ञात लोगों ने आकर पेट्रोल पंप पर मीटर तोड़कर बिजली सप्लाई बंद कर दी। उसके बाद उन लोगों ने वाटर कूलर व आरओ को नुकसान पहुंचाया। अज्ञात लोगों ने पंप पर खड़े वाहन के साथ तोड़फोड़ करते हुए पम्प ऑफिस के शीशे तोड़ दिए। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों द्वारा शोर मचाने से वह लोग भाग गए। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पम्प मैनेजर सुनील मित्तल ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की मेरठ ब्रांच के स्टूडेंट को मिली सफलता

## प्रदेश में दूसरा व जिले में पहले स्थान पर रहे विशु चौधरी

- **500 अंको में 488 अंक अपने नाम किए**
- **अधिकतम अंकों से परिवार का गर्व बढ़ाया**




**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अपनी मेरठ ब्रांच के स्टूडेंट विशु चौधरी की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने यूपी स्टेट बोर्ड की बाहरवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एचआर राव ने विशु की सराहना की। उन्होंने कहा, विशु ने अपने अंकों से न केवल अपने परिवार का गर्व बढ़ाया है, बल्कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को भी उत्कृष्टता के लिए एक और प्रतिष्ठित नाम प्रदान किया है। बतादे कि यूपी बोर्ड ने शनिवार को बाहरवीं क्लास के परिणाम घोषित किए हैं। बागपत के रहने वाले विशु चौधरी ने यूपी बोर्ड की बाहरवीं की परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अंग्रेजी में 98, भौतिक विज्ञान में 98, रसायन विज्ञान में 97, हिंदी में 96 और जीव विज्ञान में 99 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने सभी विषयों में डिक्टेशन के साथ 500 अंको में 488 अंक अपने नाम किए हैं। विशु ने आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की मेरठ ब्रांच में दो साल के मेडिकल क्लास रूम कोर्स में दाखिला लिया है और वे डॉक्टर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया।

**इस तरह तैयारियां करा रहा आकाश बायजूस**

आकाश बायजूस हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटरप्लेट फॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं।

## विनायक विद्यापीठ में अतिथि व्याख्यान आयोजित



**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में बीसीए एवं बीबीए के छात्र-छात्राओं के लिए एक स्पेशल अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे इन्स्टीट्यूट ऑफ एप्लाईड टैक्नोलॉजी, आबूधाबी, यूएइ के प्रोफेसर विंग कमांडर आलोक त्यागी एवं शालिनी त्यागी रहे। जिनका स्वागत संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वक्ता विंग कमांडर आलोक त्यागी, शालिनी त्यागी द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस दौरान संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीसीए विभागाध्यक्ष विदुषी शर्मा, बीबीए विभागाध्यक्ष पारुल शर्मा मौजूद रहे। अतिथि व्याख्यान के अंतर्गत वक्ता विंग कमांडर शर्मा ने छात्रों को मोटिवेट करते हुए बताया कि आज आप कहां खड़े हो, भविष्य में कहां होना चाहते है और इसकी प्राप्ति के लिए क्या क्या करना होगा, उन्होंने छात्रों को अपने कम्युनिकेशन स्किल को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। छात्रों ने आज के इस व्याख्यान को भली-भांति सुना और कई प्रकार के प्रश्न भी किए जिनका वक्ता ने संतोषजनक उत्तर देकर छात्रों को संतुष्ट किया। इस अतिथि व्याख्यान के लिए संस्थान के निदेशक इंजि विकास कुमार ने विंग कमांडर आलोक त्यागी एवं शालिनी त्यागी का धन्यवाद किया।

**स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

वही प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। व्याख्यान के दौरान सभी विभाग अध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर सोनू मालिक, अनिशा देशवाल, सोनाली, रंजीत सिंह, सफुद्दीन एवं अजय तिवारी इत्यादि मौजूद रहे। मंच का कुशल संचालन बीसीए विभाग के प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना चौहान ने किया।

## मतदान क्षेत्र के भीतर बंद रहेंगी शराब की दुकानें : वीके सिंह

**फर्रुखाबाद,**21 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दिवस से दो दिन पूर्व और मतगणना के दौरान शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिलाधिकारी डा.वीके सिंह ने आदेश पारित करते हुए कहा है कि



मतदान से 48 घंटे की अवधि के दौरान संबंधित मतदान क्षेत्र के भीतर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। यानी 11 मई को शाम 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री नहीं होगी। इसी तरह मतगणना के दिन 4 जून को पूरे दिन जनपद की देशी-अंग्रेजी शराब, माडल शॉप की सभी दुकानों को पूर्ण रूप से मतगणना समाप्ति तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। इसके साथ ही जनपद बदायूं, मैनपुरी, कासगंज में आगामी 7 मई को होंने वाले मतदान के तहत जनपद फर्रुखाबाद में आठ किलोमीटर के दायरें में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से शराब दुकानें बंद रहेंगी। आदेश का उल्लंघन करने करने वाले के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कृषक इण्टर कॉलेज के छात्रों ने दोहराया इतिहास

**मवाना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा घोषित हाईस्कूल व इण्टरमडिएट के परीक्षाफल में कृषक इण्टर कॉलेज, मवाना के छात्र-छात्राओं ने इतिहास दोहराते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की छात्रा हादिया व खुशी कन्नौजिया ने क्रमश: 96.5 प्रतिशत, 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए जनपद की मेधावी सूची में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त कर किया। छात्राओं की इस गौरवशाली उपलब्धि पर दोनों छात्राओं को क्रमश: 21 हजार व 11 हजार रुपये नकद प्रदान करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम अपेक्षा अनुरूप हाईस्कूल में 99 प्रतिशत व इण्टरमडिएट में 95प्रतिशत रहा। कृषक इण्टर कालेज ईंग्लिश मीडियम मवाना



के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के अनुसार वंश गौतम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंश ने कहा कि उसने बोर्ड परीक्षा के लिए कोई विशेष तैयारी नहीं की बल्कि रुटीन के तहत प्रत्येक विषय को पढ़ा। रिविजन पर पूरा ध्यान रखा। न्यूरोमिकल और थ्योरी का बैस समझा। उस पर दादा मुंशीलाल, दादी रणबीरी देवी, पिता दीपक कश्यप, माता सविता देवी, हेमन्त कुमार, सुमन देवी का आशीर्वाद है। उसने शिक्षकों को भी आभार जताया। अब वह जेई और जेई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी से इंजीनियरिंग करना चाहता है।

**आस्था** | *भगवान महावीर की जयंती पर दिया सन्देश*

# अहिंसा से ही होगी विश्व में शांति की स्थापना : ज्ञानमती

**मवाना, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। वर्तमान युग में भगवान महावीर के अस्तित्व को जैन धर्म ही नहीं अपितु सारा विश्व स्वीकार करता है। भगवान महावीर की अहिंसा जन-जन के लिए है। क्योंकि जैन धर्म सूक्ष्म से सूक्ष्म हिंसा का विरोध करता है। अहिंसा परमोधर्म सर्व व्यापी संदेश है। जो कि प्राणी मात्र के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करता है। जिसने अहिंसा का पालन किया वह जैन है। इसी लिए कहा है कि जैन जाति ना होकर के एक धर्म है। जिसने भी अहिंसा का पालन किया वह जैन है। भगवान महावीर के संदेशों में मुख्यरूप से अहिंसा परमो धर्म: एवं जिओ और जीने दो मुख्य है।**

■ अनिल शर्मा

किसी के मन को दुखी करना भी भगवान महावीर ने हिंसा कहा है। सारे विश्व में यदि शांति की स्थापना की जा सकती है तो वह अहिंसा से ही की जा सकती है।

**■ प्राणी मात्र के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करती है अहिंसा**

सभी धर्मों में इस बात को मुख्य रूप से स्वीकार किया है। अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का आज 2623 वां जन्मकल्याणक सारा विश्व निरामिश दिवस के रूप में मना रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यही है कि हम अपने जीवन में व्यसनों का त्याग करके भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चल कर अपने जीवन को समुन्नत बनाएं एवं एक सभ्य समाज का निर्माण करें जिससे भारत देश प्रगति





के पथ पर अग्रसर हो सके। हम देखते है कि समाज में यदि परिवार के अंदर पुरुष किसी भी प्रकार का व्यसन करता है तो वह परिवार धीरे-धीरे विनाश की ओर चला जाता है। भगवान महावीर के इस जन्म दिवस पर हम सभी संकल्प ले कि हम अपने जीवन में अहिंसामयी धर्म को अपना कर अपना एवं अपने परिवार का कल्याण करेंगे। भगवान महावीर का जन्म आज से 2622 वर्ष पूर्व बिहार प्रांत के कुण्डलपुर ग्राम के महाराजा सिद्धार्थ की महारानी त्रिशला के गर्भ से नंद्यावर्त महल में हुआ था। उस समय धनकुबेर ने इंद्रों के साथ मिलकर प्रतिदिन 14 करोंड़ रत्नों की वृष्टि की थी, ऐसा शास्त्रों में उल्लेख है। क्षण भर के लिए नरकों में भी शांति का वातावरण छा गया। नेमीचंद सिद्धांत चक्रवर्ती ने प्रतिष्ठा तिलक ग्रथ में भगवान के जन्म कल्याणक का उल्लेख करते हुए लिखा

> कल्पेषु घंटा भवनेषु शंखो,
> ज्योतिर्विमानेषु च सिंहनादः।
> दध्वान भेरी वनजालयेषु,
> यज्जन्मनि ख्यात जिन: स एषः।।

ऋतुओं के फल-फूल वृक्षों पर एक साथ आ गए एवं तीनों लोकों में जितने वाद्ययंत्र है वे सभी बिना बजाये एक साथ बजने लगे ऐसा भगवान के जन्म का अतिशय है। आज वर्तमान युग में वह कुण्डलपुर नगरी वैभव हीन हो गई थी लेकिन जैन साध्वी भारतगौरव गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से पुन: कुण्डलपुर तीर्थ को भव्य रूप में विकसित किया गया। भगवान महावीर ने जिस महल में जन्म लिया था वह महल सोने का हुआ करता था किन्तु आज वर्तमान में उसकी प्रतिकृति कुण्डलपुर तीर्थ पर निर्मित की गई है। जिसमें भगवान महावीर के जीवन से संबंधित सभी घटनाओं को दर्शाया गया है। नालंदा आज वर्तमान में विश्व प्रसिद्ध स्थान है। जहां पर अनेक देशों के लोग आते है एवं कुण्डलपुर तीर्थ पर नंद्यावर्त महल में भगवान महावीर का दर्शन करके सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टि से यहां पर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति एक अध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति करता है। भगवान महावीर की श्वेतवर्णी अवगाहना प्रमाण (सात हाथ) की प्रतिमा का दर्शन करके पलक झपकाना जैसे भूल जाता हो मनोहारी प्रतिमा वीतरागता एवं अहिंसा का संदेश इस नालंदा कुण्डलपुर की धरती से देता है।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17




# आदिवासी बहुल दाहोद सीट पर दिलचस्प हुई चुनावी लड़ाई

## भाजपा और कांग्रेस के लिए बना महत्वपूर्ण युद्ध क्षेत्र

**दाहोद,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात का एक प्रमुख लोकसभा क्षेत्र दाहोद भाजपा और कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण युद्ध क्षेत्र बना हुआ है।

मौजूदा सांसद भाजपा उम्मीदवार जसवंतसिंह भाभोर का जन्म 1966 में दासा गांव में एक आदिवासी परिवार में हुआ था। उनका करियर कृषि, शिक्षा और सामाजिक कार्यों तक फैला हुआ है।

उन्होंने पहली बार 1995 में गुजरात विधानसभा के लिए निर्वाचित होकर राजनीति में प्रवेश किया। तब से उन्होंने जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया है। यह निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वह 16वीं (2014) और 17वीं (2019) लोकसभा में दाहोद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए।

विधायक भाभोर ने विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1999 से 2001 तक खाद्य और नागरिक आपूर्ति उप मंत्री और 2001 से 2002 तक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें 1998 में गुजरात राज्य जनजातीय विकास निगम का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था।

उनके बाद के कार्यकाल में उन्होंने वन और पर्यावरण, और बाद में जनजातीय विकास, ग्रामीण विकास, श्रम और रोजगार, पंचायत एवं ग्रामीण आवास के विभागों को संभाला, जिसमें जनजातीय और ग्रामीण मामलों के मंत्री के तौर पर उनके काम की



- **दाहोद अपने दर्शनीय स्थलों जैसे चाब झील और गादी के किले का ऐतिहासिक आकर्षण**
- **1984 से 1998 तक के चुनावों में कांग्रेस का रहा दबदबा**

तारीफ हुई।

अपनी मंत्री भूमिकाओं से परे भाभोर ने 2007 और 2010 के बीच साबरकांठा और डांग जिलों के संरक्षक मंत्री के रूप में और 2010 से 2014 में सांसद चुने जाने तक नर्मदा जिले के संरक्षक मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दूसरी ओर, कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाली डॉ. प्रभा किशोर तावियाड साबरकांठा जिले के धनधासन गांव की रहने वाली हैं। वह पेशे से एक चिकित्सक हैं। तावियाद ने 15वीं लोकसभा (2009) में भाजपा के बाबूभाई खिमाभाई कटारा के बाद सांसद के रूप में काम किया, जो इस आदिवासी-आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में दो प्रमुख दलों के बीच की आर-पार की लड़ाई को दिखाता है।

पंचमहल जिले के विभाजन से 1997 में गठित इस निर्वाचन क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं और 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी आबादी 21 लाख से अधिक है। प्रति 1,000 पुरुषों पर 990 महिलाओं के लिंगानुपात और 58.82 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ, दाहोद अपने दर्शनीय स्थलों जैसे चाब झील, बावका शिव मंदिर और रतनमहल स्लॉथ भालू अभयारण्य और गादी के किले सहित ऐतिहासिक आकर्षणों के लिए भी जाना जाता है।

दाहोद की राजनीतिक यात्रा 1962 में शुरू हुई, जब स्वतंत्र पार्टी के हीराभाई कुंवरभाई ने पहला चुनाव जीता। 1967 में इस निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित किया गया है। 1984 से 1998 तक चुनावों में कांग्रेस का दबदबा रहा, लेकिन 1999 में भाजपा ने अपनी छाप छोड़ी, जब बाबूभाई खीमाभाई कटारा ने कांग्रेस उम्मीदवार को हराया।

इस सीट से कांग्रेस की डॉ. प्रभा किशोर 2009 में पहली महिला सांसद चुनी गईं। उसके बाद से भाजपा के जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर इस सीट पर काबिज हैं। उन्होंने 2019 के पिछले मुकाबले में 5,61,760 वोट हासिल करके अपनी जीत बरकरार रखी, जबकि कांग्रेस के बाबूभाई खिमाभाई कटारा 4,34,164 वोट पाकर हार गये। नोटा को 31,936 वोट पड़े। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी कुछ इसी तरह का रुझान देखा गया था।

### जालौर-सिरोही सीट पर भाजपा को साख कायम करने की चुनौती

# जालौर संसदीय क्षेत्र में वैभव गहलोत व लुंबाराम चौधरी के बीच मुकाबला

**जालौर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में पिछले बीस साल साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबदबा वाले जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र में फिर से अपनी साख कायम करने के लिए कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को चुनाव मैदान में उतारा है जहां उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के युवा उम्मीदवार लुंबाराम चौधरी से होने के आसार हैं।

हालांकि इस क्षेत्र में वर्ष 1952 से 2019 तक

- **वर्ष 1952 से 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक सात बार कांगेस का रहा दबदबा**

हुए लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक सात चुनावों में जीत दर्ज करके कांग्रेस का दबदबा रहा है लेकिन वर्ष 2004 से पिछले चार चुनावों में लगातार भाजपा बाजी मारकर क्षेत्र में अपना राजनीतिक दबदबा कायम कर लिया है। भाजपा ने इससे पहले वर्ष 1989 में यहां से चुनाव जीतकर अपना खाता खोला था।

इस बार कांग्रेस ने उलटफेर करते हुए वैभव गहलोत को उनके पिता अशोक गहलोत के गृह जिले एवं उनकी साख वाले जोधपुर क्षेत्र से चुनाव मैदान में नहीं उतारकर जालौर सिरोही क्षेत्र में आजमाया है। वैभव गहलोत पिछला लोकसभा चुनाव जोधपुर से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत से हार गए थे।

इस बार लोकसभा चुनाव में जोधपुर से गहलोत भी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और वह जालौर में अपने पुत्र को जिताने में लगे हैं। जालौर से भाजपा एवं कांग्रेस उम्मीदवार के



अलावा भारतीय आदिवासी पार्टी ( बीएपी) के उम्मीदवार ओटाराम ने भी ताल ठोक रखी है। बीएपी के अलावा अन्य कुछ दलों के प्रत्याशियों एवं निर्दलीय सहित इस चुनाव में नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इस क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा चार बार बूटा सिंह ने प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने यहां से तीन बार कांग्रेस प्रत्याशी एवं एक बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप लोकसभा का चुनाव जीता जबकि भाजपा के देवजी पटेल तीन बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

वर्ष 1952 के पहले लोकसभा चुनाव में यहां निर्दलीय उम्मीदवार भवानी सिंह ने चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1957 में हुए दूसरे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सूरज रतन दामानी ने चुनाव जीता। इसके बाद 1962 के चुनाव में कांग्रेस के ही हरीश चंद्र माथुर, 1967 में स्वतंत्र पार्टी के देवकीनंदन पाटोदिया, 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस के नरेन्द्र कुमार सांघी, 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार हुकम राम, वर्ष 1980 में कांग्रेस (आई) के वृंदा राम फुलवारियां, 1984 में कांग्रेस के बूटा सिंह, 1989 में भाजपा के कैलाश मेघवाल, 1991 में फिर कांग्रेस के बूटा सिंह, 1996 में कांग्रेस के ही परसा राम मेघवाल, 1998 में फिर बूटा सिंह (निर्दलीय), एवं वर्ष 1999 में भी कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में बूटा सिंह, वर्ष 2004 में भाजपा की सुशीला बंगारू ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

इसके बाद वर्ष 2009, 2014 एवं 2019 में भाजपा के ही देवजी पटेल ने पन्द्रह वर्षों तक लगातार तीन बार सांसद रहे। इस बार उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया और उनकी जगह युवा नेता लुंबाराम चौधरी को चुनाव मैदान में उतार दिया जहां उनका मुख्य मुकाबला कांग्रेस के वैभव गहलोत से माना जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बंगाल के रायगंज में सीएपीएफ की सबसे अधिक होगी तैनाती

**कोलकाता,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की सबसे अधिक तैनाती होगी, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

उत्तरी दिनाजपुर जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्र रायगंज, दार्जिलिंग और बालुरघाट हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि इस समय सीएपीएफ की 303 कंपनियां पश्चिम बंगाल में हैं। इनमें से 272 कंपनियां तीन लोकसभा क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, तीन लोकसभा क्षेत्रों में से एक रायगंज में सबसे ज्यादा 111 कंपनियां तैनात की जाएंगी। दार्जिलिंग में 88 और बालुरघाट में 73 कंपनियां तैनात की जाएंगी। रायगंज के लिए तैनात की



जाने वाली 111 कंपनियों में से, अधिकतम तैनाती इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए होगी। सूत्रों ने कहा कि रायगंज को विशेष जांच के दायरे में रखने के कई कारण हैं, जैसा कि चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 19 अप्रैल को पहले चरण में कूच बिहार के मामले में किया था।

पता चला है कि रायगंज के 1,730 मतदान केंद्रों में से 418 बूथ (24 प्रतिशत) अत्यधिक संवेदनशील हैं। यह आंकड़ा दार्जिलिंग की तुलना में अधिक है, जहां 20 प्रतिशत बूथ अतिरिक्त संवेदनशील हैं। बालुरघाट के मामले में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत है। पहले चरण में 100 प्रतिशत मतदान केंद्रों को वेब-कास्टिंग के तहत कवर किया गया था और दूसरे चरण में भी इसी तरह का पालन किया जाएगा। इस वेब-कास्टिंग के माध्यम से सीईओ कार्यालय के अधिकारी सीधे अपने कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों के घटनाक्रम पर नजर रख सकेंगे।

# चुनावी चौका लगाने की तैयारी में कांग्रेस

## जदयू और एआईएमआईएम प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे

**पटना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में किशनगंज संसदीय सीट पर इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के घटक कांग्रेस जहां चुनावी चौका लगाने के प्रयास में है वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं।

किशनगंज संसदीय सीट के अस्तित्व में आने के बाद से यह कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी यहां से नौ बार जीत का सेहरा अपने सिर पर बांध चुके हैं। हालांकि बीच के कुछ चुनाव में किशनगंज सीट कांग्रेस के 'हाथ' से फिसल गयी। लेकिन, वर्ष 2009 से 2019 तक यहां लगातार कांग्रेस का कब्जा रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस किशनगंज सीट पर चुनावी चौका लगाने की फिराक में है वहीं जदयू और एआईएमआईएम उसके विजयी पथ पर रोड़ा अटकाने में लगे हैं और सियासी जंग को त्रिकोणीय बना रहे हैं। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र ने देश की कई बड़ी हस्तियों को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। चाहे सैयद शहाबुद्दीन हो या वरिष्ठ पत्रकार एम. जे. अकबर या सैयद शाहनवाज हुसैन अलग-अलग पार्टियों से मैदान में उतरे इन तीनों नेताओं को किशनगंज ने पहचान दी थी। पहली बार किशनगंज से चुनावी मैदान में उतरे इन तीनों नेताओ में सैयद शहाबुद्दीन और एम. जे. अकबर पहली बार में ही संसद पहुंचे वही सैयद शाहनवाज हुसैन को दूसरी बार मौका मिला लेकिन तीनों दूसरी बार संसद नहीं पहुंच पाए। बाहरी लोगों का भी किशनगंज की आवाम ने दिल खोलकर स्वागत किया। चाहे लखन लाल कपूर हों या सैयद शहाबुद्दीन अथवा वरिष्ठ पत्रकार एम. जे. अकबर या फिर सैयद शाहनवाज हुसैन।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाकर प्रदेश में रैकिंग सुधारेगा गौतमबुद्ध नगर

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले लोकसभा चुनाव में गौतम बुद्ध नगर मतदान प्रतिशत में प्रदेश में 31वें स्थान पर रहा था। इस बार जिला प्रशासन ने मतदान बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम सहित कई उपाय कर रहा है। पिछली बार के मुकाबले मत प्रतिशत बढ़ने की स्थिति में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में मत प्रतिशत का नया रिकॉर्ड भी बनेगा। वर्ष 2019 में लोकसभा क्षेत्र में 60.49 लोगों ने मतदान किया था, जो प्रदेश के 80 लोकसभा क्षेत्र में मत प्रतिशत के लिहाज से 31वां सबसे ज्यादा था। पहले स्थान पर अमरोहा रहा था। यहां लोकसभा चुनाव में 71 .05 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं दूसरा सबसे ज्यादा मतदान

- **स्वीप के जरिए लोगों को किया जा रहा जागरूक**

करने वाला क्षेत्र सहारनपुर रहा। यहां 70.87 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीसरे स्थान पर झांसी रहा था। यहां 67.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदान सिकंद्राबाद में हुआ था। यहां का मत प्रतिशत 65.34 रहा था। वहीं सबसे कम मतदान नोएडा में हुआ था। नोएडा में 51.83 लोगों ने मतदान किया था। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के नोएडा में सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र हैं। यहां रहने वाले 70 प्रतिशत से ज्यादा लोग दूसरे जिले और राज्यों के हैं। इस विधानसभा में सबसे ज्यादा मतदाता हैं। 2019 में 60.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे कम मतदान 1990 के लोकसभा चुनाव में हुआ था। इस चुनाव में 35.37 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का प्रयोग किया था। लिहाजा इस बार अगर पिछले लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान होता है, तो मतदान प्रतिशत का नया रिकॉर्ड स्थापित होगा।

**मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास**

नुक्कड़ नाटक, मेराथन और सोसाइटी में कार्यक्रम किए गए। सोसाइटी में पहली बार पोलिंग बूथ बनाए गए है। शहर में सामाजिक संगठन, एनईए और व्यापार मंडल भी लोगों को जागरूक कर रहा है।

# जयंत चौधरी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**बागपत,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रालोद- भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में रविवार को रालोद मुखिया राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी का बागपत में रोड शो हुआ। दाहा से शुरू होकर बरनावा में पहुंचने पर जरीफ प्रधान के नेतृत्व में मुस्लिम लोगों ने ढोल नगाड़ों व फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत बिनौली में पहुंचने पर रालोद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। गढ़ीदुल्ला, सिरसलगढ़, कमाला, हजुराबाद गढ़ी, कैडवा में भी जोरदार स्वागत हुआ।

इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि ये चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि हैं। उन्होंने पूरा जीवन किसान मजदूरों वंचितों के हकों के लिए कार्य किया। यहां हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल रही है। सब प्रेम और सौहार्द से



रहने तथा गठबंधन प्रत्याशी डा. राजकुमार सांगवान को भारी मतो से जिताने की अपील की। इस दौरान विधायक डा. अजय कुमार, पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, वीरपाल राठी, राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्ज्वल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव धामा, डॉ. अनिल आर्य, रवि भारत चिकारा, जगपाल सिंह भडल, राजू तोमर सिरसली, सुबोध राणा, उपेंद्र प्रधान, गगन धामा, मास्टर अमित धामा, विकास प्रधान, डॉ. प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए करेंगे जागरूक, प्लान तैयार

**धर्मशाला,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए जागरूक करने की योजना भी जिला निर्वाचन विभाग की ओर से बनाई गई है।

इस बाबत जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आईपीएच मैच के दौरान हिमाचल तथा अन्य राज्यों के हजारों नागरिक मैच देखने के लिए आएंगे। इस दौरान सभी नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए 'स्वीप' के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। चूंकि मैच देखने वालों में अधिकांश युवा शामिल रहते हैं यह बेहतर अवसर होगा जब एक साथ इतने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा सकेगा। बैरवा ने कहा कि विभिन्न पार्किंग स्थलों तथा स्टेडियम के नजदीक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही आयोजकों को मैच के दौरान मतदाता जागरूक गीत सुनाने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है तथा मतदान का यह पर्व पांच वर्ष में एक बार आता है। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने परिवार के अलावा आस पड़ोस मतदान करने से कोई भी छूटे नहीं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत



- **रंगोली, भाषण, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

विभिन्न गतिविधियां आरंभ की हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी और रील प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं वहीं हस्ताक्षर अभियान तथा चुनाव पाठशाला भी आयोजित की जा रही है इसके साथ ही महाविद्यालय स्तर पर रंगोली, भाषण, क्विज प्रतियोगिताओं के आयोजन भी पर भी बल दिया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदान में भाग ले सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि गत लोकसभा चुनावों में जिन पोलिंग बूथ पर साठ प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, वहां पर विशेष तौर पर सहायक निर्वाचन अधिकारियों को मतदाताओं को जागरूक करने का जिम्मा दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा चार मई तक वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि अपने मत का प्रयोग कर सकें।

## हेमंत सोरेन पर भाभी सीता सोरेन का हमला

# आदिवासियों व जल-जंगल-जमीन से कोई सरोकार नहीं

**रांची,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर उनकी भाभी और दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन ने सोशल मीडिया पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने रविवार को रांची में हेमंत सोरेन के समर्थन में हो रही इंडिया गठबंधन की रैली के ठीक पहले एक्स पर हेमंत सोरेन का कंधे पर गठरी ढोता हुआ पोस्टर शेयर किया, इस पर लिखा, 'कदम-कदम बढ़ाए जा, झारखंड को नोच खाए जा।'

पोस्टर में इस स्लोगन को इंडिया एलायंस का एंथम बताया गया है। सीता सोरेन ने लिखा है, 'बाती में तेल नहीं, जनता से कोई मेल नहीं। भ्रष्टाचार और अत्याचार से गठबंधन को परहेज नहीं। जिस प्रकार दीया



बुझने से पहले खूब तेजी से फड़फड़ाता है, ठीक उसी प्रकार अपना राजनीतिक अस्तित्व मिटने से पहले इंडी गठबंधन वाले आखिरी बार फड़फड़ा रहे हैं।'

उन्होंने रैली को लेकर सोशल मीडिया पर कई और पोस्ट शेयर किए। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा है, 'मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए इन नेताओं को झारखंड के आदिवासियों और जल-जंगल-जमीन से कोई सरोकार नहीं है, ये बस अपना अस्तित्व बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इन्हें लगता है कि जनता इनके कारनामे को नहीं जानती है, लेकिन इन्हें ये नहीं पता कि जनता इनके इरादे से अच्छी तरह वाकिफ है।'

उन्होंने आगे लिखा है, 'गरीब आदिवासियों की जमीन छीनने वाले आज लोकतंत्र को खतरे में बता रहे हैं। लेकिन वो ये भूल जाते हैं कि जनता के सामने ये नौटंकी नहीं चलने वाली। जनता जानती है कि गरीब के हक पैसा छीनने वाला ये घमंडिया गिरोह ही लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है।'

## दूसरे चरण की तीन सीट पर विधायक देंगे सांसदों को चुनौती

**पटना।** बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में तीन सीट पूर्णिया, भागलपुर और किशनगंज में विधायक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। पूर्णिया संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी और रूपौली विधानसभा की पांच बार की विधायक बीमा भारती राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) उम्मीदवार निवर्तमान सांसद संतोष कुमार कुशवाहा को चुनौती देंगी। पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। यादव इस बार कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से लड़ना चाहते थे। पूर्णिया सीट पाने की आशा में ही उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का विलय कांग्रेस में कराया था। भागलपुर संसदीय सीट से कांग्रेस ने भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा को चुनावी रणभूमि में उतारा है। शर्मा ने वर्ष 2014 में हुए विधानसभा उपचुनाव, 2015 और 2020 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में भागलपुर से जीत हासिल की है। कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा का मुकाबला जदयू के वर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल से होगा। किशनगंज सीट से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष और अमौर के विधायक अख्तरुल ईमान चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के बैनर तले किशनगंज सीट के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री मोहम्मद हुसैन आजाद के पुत्र और निवर्तमान सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद से होगा।

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 3.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.90 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 2.46 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.39 प्रतिशत |
| मारुति | 2.20 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.20 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.04 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.93 प्रतिशत |
| एलटी | 0.89 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 2023-24 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बजट लक्ष्य से 1.35 लाख करोड़ अधिक

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन केंद्रीय बजट अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपए या 7.4 प्रतिशत अधिक है, जो मजबूत राजकोषीय स्थिति को दर्शाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में मजबूत आर्थिक विकास जारी है।

The Central Board of Direct Taxes (CBDT)

सत्यमेव जयते

- कर संग्रह में उछाल ने की राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में मदद
- सीबीडीटी के अनुसार देश में मजबूत आर्थिक विकास जारी

कॉर्पोरेट टैक्स और पर्सनल इनकम टैक्स सहित शुद्ध डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 2023-24 में बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 16.64 लाख करोड़ रुपए था। 2023-24 के केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य 18.23 लाख करोड़ रुपए तय किया गया था और बाद में संशोधित अनुमान (रिवाइज्ड) में इसे बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (प्रोविजनल- रिफंड से पहले) 23.37 लाख करोड़ रुपए है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 19.72 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह से 1.48 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) 11.32 लाख करोड़ रुपए है और पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपए के सकल कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन की तुलना में 13.06 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन (रिवाइज्ड) 9.11 लाख करोड़ रुपए है और पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपए के शुद्ध कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन की तुलना में 10.26 प्रतिशत अधिक है। यह अर्थव्यवस्था में मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है जिसके कारण कॉर्पोरेट मुनाफा बढ़ा है और व्यक्तिगत आय में वृद्धि हुई है।वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन (एसटीटी सहित) 12.1 लाख करोड़ रुपए है और पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपए के सकल पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन (एसटीटी सहित) की तुलना में 24.26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी 3709 लाख करोड़ रुपए के रिफंड से 22.74 प्रतिशत की वृद्धि है। कर संग्रह में उछाल ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने में मदद की है और अर्थव्यवस्था के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत किया है।

कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना होगा जिससे बड़ी कंपनियों के लिए उधार लेने और निवेश करने के लिए बैंकिंग प्रणाली में अधिक पैसा बचेगा। इसके चलते उच्च आर्थिक विकास दर और अधिक नौकरियों का सृजन होता है। कम राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को भी नियंत्रित रखता है जो अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करता है।

## नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बेहतर भविष्य के लिए नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े।

प्रकृति द्वारा अरबों साल में बनाए गए प्राकृतिक हीरे दुर्लभता, अनूठेपन एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को लेकर प्रतिबद्धता की अनूठी कहानी कहते हैं। इस अर्थ डे पर हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा। उनकी पहल सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के साथ-साथ पशु कल्याण, अर्थव्यवस्था में योगदान और समाज से भी व्यापक रूप से जुड़ी हैं। वर्ल्ड अर्थ डे के मौके पर हम इन अग्रणी कंपनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों का उत्सव मना रहे हैं। रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है, जिसमें ऊर्जा के प्रबंधन पर और कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर फोकस किया जाता है। कंपनी 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रही है। शिवम ज्वेल्स ने कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को 1,100 टन कम किया है, जो 12,876 पेड़ों को बचाने के बराबर है। यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाता है। ज्वेलेक्स की आभूषण इकाई 2021 से ही कार्बन न्यूट्रल है और 2024-25 तक पूरे ग्रुप को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य है। ज्वेलेक्स अपनी विंड मिल्स और रूफटॉप सोलर पैनल्स से बनी ऊर्जा का आंशिक रूप से प्रयोग करती है।




- नेचुरल डायमंड काउंसिल की सीएसआर पहल
- कंपनी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में कर रही काम

## टेस्ला कारों में जल्द ही एक्स का अनुभव मिलेगा : मस्क

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। एलन मस्क ने रविवार को कहा कि टेस्ला कार यूजर्स को जल्द ही एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक एकीकृत अनुभव मिलेगा। एक फॉलोअर ने पूछा था कि क्या हम एक्स ऐप को टेस्ला कारों में एकीकृत कर सकते हैं, तो मस्क ने कहा कि जल्द ही आ रहा है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कार मालिक टेस्ला यूजर इंटरफेस (यूआई) में एक सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एक्स का उपयोग कर सकेंगे।



एक मस्क फॉलोअर ने पूछा कि यह सचमुच अच्छी खबर है। फिलहाल, मैं एफएसडी पर बिना किसी परेशानी के अपने आईफोन पर एक्स नोटिफिकेशन नहीं पढ़ सकता। देशी पारिस्थितिकी तंत्र एकीकरण कहीं बेहतर होगा। एक्स के लिए टेस्ला यूआई कैसा दिखेगा? हालांकि कुछ लोगों को यह विचार पसंद नहीं आया। एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया कि इंजीनियरिंग समय की बर्बादी है। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे कोई भी गाड़ी चलाते समय सक्रिय रूप से एप्लिकेशन का उपयोग कर सके।

## इरेडा का चौथी तिमाही का लाभ 337.38 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कर्ज देने का कारोबार करने वाली सरकारी क्षेत्र की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इरेडा ने इस वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वार्षिक आधार पर 33 प्रतिशत वृद्धि के साथ 337.38 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी का वार्षिक लाभ भी 44.83 प्रतिशत के उछाल के साथ 1252.23 करोड़ रुपए के अब तक के रिकार्ड स्तर पर रहा।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में इन परिणामों को उल्लेखनीय बताया है। इरेडा की ओर से शनिवार को जारी तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार मार्च, 2024 की तिमाही में कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 66.33 प्रतिशत के जोरदार उछाल के साथ 479.67 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 288.38 करोड़ रुपए था।

कंपनी ने आलोच्य तिमाही में 33.03 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 337.38 करोड़ रुपए का लाभ दिखाया है। वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 253.62 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। इरेडा ने मार्च, 2024 की तिमाही में 23,407.57 करोड़ रुपए के कर्ज स्वीकृत किए जो एक साल पहले की इसी तिमाही के 11,796.95 करोड़ रुपए की तुलना में 98.42 प्रतिशत अधिक है।

ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

- कंपनी का वार्षिक लाभ भी 44.83 प्रतिशत के रिकार्ड उछाल पर
- 2022-23 की तिमाही में 253.62 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया

इस दौरान उसका कर्ज वितरण 13.98 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,869.35 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष के अंत में इरेडा का एनपीए (वसूली में अवरुद्ध कर्ज) का अनुपात एक साल पहले के 1.66 प्रतिशत से घट कर 0.99 प्रतिशत पर आ गया। वित्त वर्ष के अंत में कंपनी के ऋण खातों का आकार 59,698.11 करोड़ रुपए था जो एक साल पहले के 47,052.52 करोड़ रुपए से 26.81 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,685.24 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ दर्ज किया था जो एक साल पहले के 1,139.25 करोड़ रुपए से 47.93 प्रतिशत अधिक है। वर्ष के दौरान कर पश्चात लाभ 1,252.23 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले के 864.63 करोड़ रुपए से 44.83 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने 2023-24 के दौरान 37,353.68 करोड़ रुपए के कर्ज स्वीकृत किए तथा 25,089.04 करोड़ रुपए के कर्ज वितरित किए। सालाना आधार पर इनमें क्रमश: 14.63 प्रतिशत और 15.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# फेड रिजर्व व तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

- सेंसेक्स 1.6 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 73088.33 पर
- निफ्टी 1.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22147 अंक पर बंद

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और ब्याज दरों में कटौती शुरू होने की उम्मीद कमजोर पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त बिकवाली से बीते सप्ताह डेढ़ फीसदी से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह नीतिगत दरों को लेकर अमेरिकी फेड रिजर्व के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1156.57 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 73088.33 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 372.4 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22147 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 904.51 अंक अर्थात 2.2 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40004.51 अंक रह गया। इसी तरह स्मॉलकैप 438.28 अंक यानी 0.95 प्रतिशत कमजोर होकर 45433.79 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों के मजबूत प्रदर्शन के कारण सप्ताह के अंत में घरेलू बाजार गिरावट से उबरने में सफल रहा। ईरान-इजराइल तनाव घटने की संभावनाओं की उम्मीद से बाजार को बल मिला है। हालांकि घरेलू बाजार पूरे सप्ताह हुई गिरावट की भरपाई करने में विफल रहा। मध्य-पश्चिम में स्थिति नाजुक बनी रहने के कारण वैश्विक स्तर पर निवेशक सावधानी बरत रहे हैं।



इसके अलावा अमेरिका में महंगाई में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी होने, खुदरा बिक्री बढ़ने और तेल की ऊंची कीमतों के कारण फेड रिजर्व के दर में कटौती में संभावित देरी ने निवेश धारणा को कमजोर किया है। इसे डॉलर सूचकांक, अमेरिकी बांड यील्ड और स्वर्ण की कीमत में उल्लेखनीय उछाल से समझा जा सकता है। बीते सप्ताह घरेलू बाजार में बैंकिंग और आईटी जैसे समूहों में मुनाफावसूली का भी दबाव रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार जोखिम लेने से बच रहे हैं और यह प्रवृत्ति पिछले सप्ताह से देखी जा रही है। कंपनियों की समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में स्थिरता को देखते हुए लार्जकैप निवेशकों के लिए राहत की पेशकश कर सकता है।

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अगले सप्ताह अमेरिका से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), पीएमआई और बेरोजगारी दावों के आंकड़े फेड की नीतिगत दरों को लेकर रुख को स्पष्ट करत सकते हैं। इसके अलावा भारतीय पीएमआई आंकड़े और दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही के नतीजे की अगले सप्ताह बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका रहेगी। अगले सप्ताह रिलायंस, मारुति, एक्सिस बैंक, इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और एचसीएल टेक के तिमाही नतीजे जारी होने वाले हैं।

बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से तीन दिन गिरावट और सप्ताह के अंतिम दिन तेजी रही। इजराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 845.12 अंक का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक और निफ्टी 246.90 अंक की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर रहा।

## मालदीव में घटी भारतीय पर्यटकों की संख्या

**नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की अग्नि परीक्षा शुरू हो गई है। मालदीव में संसदीय चुनाव हो रहे हैं। इन सब के बीच मालदीव के लिए एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने वहां की सरकार को परेशान कर दिया है। दरअसल भारत और मालदीव के रिश्तों में आई खटास के बाद से भारतीयों की तरफ से सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन का बहिष्कार शुरू कर दिया गया था।

इसका असर भी अब वहां देखने को मिल रहा है। मालदीव सरकार के हालिया आंकड़ों के मुताबिक मालदीव घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। ऐसे में अब जो रिपोर्ट सामने आई है, उसकी मानें तो 2024 की पहली तिमाही में मालदीव की यात्रा करने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है।



- मोहम्मद मुइज्जू की अग्नि परीक्षा शुरू

मालदीव ने अपनी पहली तिमाही पर्यटन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ये खुलासा हुआ है।

इन आंकड़ों के मुताबिक मालदीव में इस तिमाही में सबसे ज्यादा पर्यटक चीन से पहुंचे। जबकि भारत, जो मालदीव का दूसरा पड़ोसी देश है, वहां से मालदीव जाने वालों की संख्या घटकर छठवें स्थान पर पहुंच गई। आंकड़ों के मुताबिक चीन के बाद रूस से सबसे अधिक पर्यटक मालदीव पहुंचे हैं। इसके बाद यूरोप-यूके, इटली व जर्मनी का नंबर है। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 की तुलना में मार्च 2024 में भारतीय पर्यटकों की संख्या में 54 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## अधिकांश खाद्य तेल व दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के साथ ही दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 446 रिंगिट लुढ़ककर 4055 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.23 सेंट की गिरावट के साथ 43.93 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपए, सूरजमुखी तेल 74 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि मूंगफली तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20073 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10266 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और मूंग दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही।

## मंडी में लाई गई फसल की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश

**चंडीगढ़,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने रविवार सभी उपायुक्तों के साथ आपात बैठक कर राज्य में जारी गेहूं खरीद और बेमौसम मौसम के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसल के इंतजामों की समीक्षा की। वर्मा ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा मंडी में लाई गई फसल की खरीद तत्काल सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही खरीदी गई फसल का भुगतान 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण किसानों को हुए नुकसान पर तुरंत सरकार को एक रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इस सीजन में मंडियों में कुल 132 लाख टन गेहूं आने की उम्मीद है। इसमें से अब तक 17.14 लाख टन गेहूं मंडियों में आ चुका है। उन्होंने उपायुक्तों को उपार्जित फसल के उठान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने एफसीआई के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है। उनके साथ लगातार समन्वय में प्रतिदिन स्पेशल ट्रेनें लगाई जा रही हैं।



**इस सीजन में मंडियों में कुल 132 लाख टन गेहूं आने की उम्मीद है। इसमें से अब तक 17.14 लाख टन गेहूं मंडियों में आ चुका है : अनुराग वर्मा**

**उपायुक्तों के साथ बैठक कर की गेहूं खरीद की समीक्षा**

वर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल तक विशेष ट्रेनों के माध्यम से 61 हजार टन गेहूं भेजा जा चुका है और आज 21 अप्रैल को नौ विशेष ट्रेनों के माध्यम से 24 हजार टन गेहूं भेजा जा रहा है, जिससे कुल 85 हजार टन गेहूं भेजा जाएगा। 22 अप्रैल को 26 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### सिरसा मंडी में गेहूं खरीद बंद, केवल उठान पर जोर

**सिरसा।** हरियाणा में गेहूं की कटाई अब जोर पकड़ चुकी है। मंडियों में बिक्री के लिए प्रतिदिन लाखों क्विंटल गेहूं पहुंच रहा है। सिरसा अनाज मंडी में भी ऐसा ही हो रहा है। यहां रोजाना लगभग तीन लाख क्विंटल से अधिक गेहूं लेकर किसान पहुंच रहे हैं। खरीद एजेंसियां गेहूं की खरीद भी कर रही हैं, मगर उठान में दिक्कत आ रही है। खरीद के हिसाब से गेहूं का उठान न होने की वजह से सिरसा मंडी में गेहूं की बोरियों के ढेर लग गए हैं। गेहूं की नई ढेरी लगाने के लिए भी किसानों को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे हालात न सिर्फ सिरसा मंडी के हैं, बल्कि प्रदेश की दूसरी मंडियों में भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है। इसे देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने गत दिवस आदेश दिया था कि रविवार को सभी मंडियों में गेहूं की खरीद बंद रहेगी। सिर्फ खरीदे गए गेहूं का उठान किया जाएगा।

**गेहूं का उठान न होने से मंडी में गेहूं की बोरियों के लग गए ढेर**

### सार संक्षेप

### क्षमता से अधिक उत्पादन संरक्षणवाद का बहाना : लार्दी

**बीजिंग।** वाशिंटन स्थित थिंक टैंक पीटर्सन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकॉनॉमिक के वरिष्ठ अध्ययनकर्ता निकोलस लार्दी ने हाल ही में समाचार एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि तथाकथित क्षमता से अधिक उत्पादन के कथन ने सरंक्षणवाद को बहाना प्रदान किया है। ऐसा कथन वैश्विक व्यापार के लिए खतरा है। लार्दी ने बताया कि इस कथन के अनुसार कोई भी देश अपने घरेलू उपभोग से अधिक उत्पादन नहीं कर सकता। अगर हरेक देश अपने देश के उपभोग के लिए उत्पादन करता है, तो वैश्विक व्यापार मौजूद नहीं होगा। यह सभी आर्थिक समुदायों के लिए पूरी तरह से आपदा होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बीवाईडी एक वैश्विक उद्यम है। उसे इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का लाभ है। क्या वह सिर्फ घरेलू बाज़ार की सेवा कर सकेगा और निर्यात नहीं कर सकता? लार्दी ने बताया कि वह्र तथाकथित चीन के क्षमता से अधिक उत्पादन के पीछे वैश्विकरण के विरोध और व्यापार संरक्षणवाद पर चिंतित हैं।

### लॉजिस्टिक्स के लिए शीर्ष प्राथमिकता लागत व गति

**नई दिल्ली।** माल की अंतिम मील तक आपूर्ति और क्षेत्र की वृद्धि के लिए लागत और गति अब लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में लगी कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है। लास्ट-माइल ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतिम छोर तक आपूर्ति में अब सर्वोच्च प्राथमिकता लागत और गति है। इसकी सुई लागत और संतुष्टि से लागत और गति पर स्थानांतरित हो गई है। रिपोर्ट का अनावरण इस सप्ताह माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से प्रौद्योगिकी मंच फारआई द्वारा आयोजित 'द लास्ट माइल लीडर्स इवेंट' के दौरान किया गया। फारआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुशल नाहटा ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर स्वायत्त ड्रोन 30 प्रतिशत शहरी आपूर्ति को संभाल लेंगे, जिससे आपूर्ति का समय और लागत नाटकीय रूप से कम हो जाएगी। यह रिपोर्ट पांच महाद्वीपों के 300 से अधिक दिग्गजों के विचारों पर आधारित थी।

### भारतीय कंपनियों का विदेश में निवेश स्थिर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 में भारतीय कंपनियों द्वारा किए जाने वाला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) स्थिर हो गया है। वित्त वर्ष 2023 में इसमें गिरावट दर्ज की गई थी। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, विदेश में भारतीय कंपनियों द्वारा किया गया निवेश वित्त वर्ष 2024 में मामूली बढ़कर 13.75 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2023 में 13.49 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022 में भारतीय कंपनियों ने विदेशों में 18.52 अरब डॉलर का निवेश किया था, उसके बाद वित्त वर्ष 2023 में इसमें भारी गिरावट दर्ज की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि इस साल चीजें बेहतर होने की उम्मीद है।

